हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार 5 जून, 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप

### एसएमएस 7 ने किया रिकार्ड उत्पादन

**भिलाई।** बीएसपी के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3) ने मई के महीने में मासिक स्टील उत्पादन में सर्वकालिक कीर्तिमान स्थापित किया है। एसएमएस-3 ने 2,013 ब्लो के माध्यम से 3,39,275 टन स्टील का रिकॉर्ड उत्पादन कर जनवरी में बोकारो स्टील लिमिटेड के एसएमएस-2 द्वारा बनाए गए 3,37,520 टन के पिछले सर्वाधिक उत्पादन को पीछे छोड़ दिया। इस रिकॉर्ड में 1,23,157 टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक रेल ब्लूम उत्पादन भी शामिल है।

## निधन

### गोकुल ताम्रकार



**दुर्ग।** गया नगर दुर्ग निवासी गोकुल ताम्रकार का आकस्मिक निधन 4 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

### लापरवाही : कार्य एजेंसी को 13 नोटिस भेजा जा चुका, लेकिन अब तक कोई असर नहीं

# पीएम आवास: जहां 120 होने चाहिए वहां 40 मजदूर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

रिसाली निगम के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास निर्माण में बड़ी लापरवाही सामने आई है। प्रदीप्ती नगर स्थित निर्माणाधीन 348 यूनिट आवास को पूरा करने प्रतिदिन 120-150 मजदूर की आवश्यकता है। पिछले तीन साल से केवल 40-45 मजदूर कार्यरत है। यही वजह है कि आवास पूर्णाअवधि लक्ष्य से नगर पालिक निगम रिसाली पिछड़ते जा रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निरीक्षण के बाद ने केवल शासन से पत्राचार किया है, बल्कि एजेंसी मेसर्स विनोद कुमार जैन को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। उसके बाद भी एजेंसी का रवैया नहीं बदला।

नगर पालिक निगम रिसाली की सीमा क्षेत्र और दुर्ग निगम क्षेत्र के पॉश कालोनी बोरसी से लगे हुए प्रदीप्ती नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कराया जा रहा है। इस कार्य को पूर्ण करने की जिम्मेदारी मेसर्स विनोद कुमार जैन की है। दरअसल निर्माण एजेंसी गरीबों के आवास को पूर्ण करने किसी तरह की रूचि नहीं दिखा रहा है। गिनती के मजदूरों से केवल खानापूर्ति का कार्य कराया जा रहा है।



### पत्र जारी के बाद भी सुधार नहीं

गरीबों के आवास जैसी महत्वाकांक्षी योजना की समीक्षा सचिव स्तर पर हर माह होती है। पिछले महीने की बैठक में कार्य पूर्ण करने 30 जून तक का समय दिया गया है। इसके बाद रिसाली निगम ने कार्य में तेजी लाने निर्माण एजेंसी को पत्र जारी किया था। इसके बाद भी स्थिति में किसी तरह का सुधार नहीं हुआ।

### 12 ब्लाक में 2 का काम शुरू नहीं

प्रदीप्ती नगर में कुल 12 ब्लाक में 348 यूनिट का निर्माण होना है। किसी भी यूनिट का कार्य अब तक पूर्ण नहीं हुआ है, जबकि कार्य अविभाजित नगर पालिक निगम भिलाई के समय से चल रहा है। स्थिति ऐसी है कि 2 यूनिट का कार्य प्रिलन्थ लेबल से आगे नहीं बढ़ पाया है।

### केवल ढांचा ही बन पाया

प्रदीप्ती नगर की तर्ज पर ही मैत्रीकुंज में गरीबों का आवास बनना है। यहां 87 यूनिट कर्टल के बाद 58 यूनिट बनना है। खास बात यह है कि यहां पर केवल ढांचा ही तैयार हुआ है।

### जाने निगम ने कब कब थमाया नोटिस

प्र.म.आ.योजना भिलाई 2019/59 - 12.02.2019
प्र.म.आ.योजना भिलाई 2020/629 - 04.11.2020
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/229 - 18.03.2024
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/244 - 09.04.2024
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/248 - 22.04.2024
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/257 - 10.05.2024
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/289 - 05.07.2024
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/340 - 05.09.2024
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/385 - 04.11.2024
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/439 - 21.02.2025
प्र.म.आ.योजना रिसाली 2024/765 - 21.04.2025

### नोटिस बेअसर


हमने 13 बार निर्माण एजेंसी को नोटिस दिया है। उसके बाद भी मजदूर नहीं बढ़ाए जा रहे। राज्य को भी पत्र भेजा है।
**-मोनिका वर्मा,** निगम आयुक्त

### शराब तस्करी मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** फार्म हाउस में मिले शराब के मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2), 36 आबकारी एक्ट, 61 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया था। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि 8 फरवरी को मुखबिर की सूचना पर एसीसीयू दुर्ग की टीम व पाटन पुलिस ने ग्राम फुण्डा स्थित महेन्द्र वर्मा के फार्म हाउस बाड़ी में दबिश दिया था। जहां से पुलिस ने एमपी की शराब 500 पेटी अंग्रेजी गोवा जब्त किया था। इस दौरान 3 वाहन, 9 मोबाइल, प्लास्टिक सीट जुमला कुल 62 लाख 40 हजार रूपये का जप्त किया था। पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ा था, घटना दिनांक से आरोपी फरार था। पुलिस ने देवादा थाना पाटन निवासी महेन्द्र कुमार वर्मा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

# विश्व पर्यावरण दिवस





















करके ऐसा काम दिखा दो, जिस पर गर्व दिखाई दे।
इतनी खुशियाँ बाँटो सबको, हर दिन पर्व दिखाई दे।
हरे वृक्ष जो काट रहे हैं, उन्हें खूब धिक्कारो,
खुद भी पेड़ लगाओ इतने, धरती स्वर्ग दिखाई दे।।
करके ऐसा काम दिखा दो...

कोई मानव शिक्षा से भी, वंचित नहीं दिखाई दे।
सरिताओं में कूड़ा-करकट, संचित नहीं दिखाई दे।
वृक्ष रोपकर पर्यावरण का, संरक्षण ऐसा करना,
दुष्ट प्रदूषण का भय भू पर, किंचित नहीं दिखाई दे।।
करके ऐसा काम दिखा दो...

हरे वृक्ष से वायु-प्रदूषण का, संहार दिखाई दे।
हरियाली और प्राणवायु का, बस अम्बार दिखाई दे।
जंगल के जीवों के रक्षक, बनकर तो दिखला दो,
जिससे सुखमय प्यारा-प्यारा, ये संसार दिखाई दे।।
करके ऐसा काम दिखा दो...

वसुन्धरा पर स्वास्थ्य-शक्ति का, बस आधार दिखाई दे।
जड़ी-बूटियों औषधियों की, बस भरमार दिखाई दे।
जागो बच्चो, जागो मानव, यत्नकरो कोई ऐसा,
कोई प्राणी इस धरती पर, ना बीमार दिखाई दे।।
करके ऐसा काम दिखा दो....




तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 5 जून, 2025





14 आंगनबाड़ी के बच्चों को देश के महापुरुषों की वीरगाथा जरूर सुनाएं: विधायक ललित



15 अहिवारा में नहीं तहसीलदार, नायब तहसीलदार के भरोसे चल रहा काम





वालकिंस Valkin's स्किन क्लिनिक
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
एक्ने स्कार्स परमानेंट रिमूवल
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
पद्मनाभपुर, दुर्ग
7880090220


# सरकारी कॉलेजों में एडमिशन के लिए आज से खुलेगा पोर्टल, एक छात्र 10 कॉलेजों में कर सकता है आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई



हेमचंद यूनिवर्सिटी ने सरकारी कॉलेजों में दाखिले की प्रक्रिया गुरुवार यानी 5 जून से शुरू कर रही है। प्रवेश पोर्टल खोल दिया गया है। इस बार सीटों को भरने के लिए एक छात्र को 10 कॉलेजों में आवेदन फार्म भरने की सुविधा दी है। पिछले साल पांच कॉलेज में ही आवेदन करने की छूट दी गई थी। ये प्रवेश केवल स्नातक प्रथम वर्ष के नियमित विद्यार्थियों के लिए प्रारंभ किया गया है। पहले चरण के लिए विद्यार्थी 15 जून तक ही ऑनलाइन आवेदन भर सकेंगे। आफलाइन फार्म नहीं लिए जाएंगे। आवेदन फार्म पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। खास बात यह है कि विद्यार्थी अपने मोबाइल के माध्यम से भी ऑनलाइन आवेदन फार्म भर सकते हैं। निजी कॉलेजों में प्रवेश के लिए अलग से पोर्टल खोला जाएगा।

**हेमचंद यूनिवर्सिटी में पहले चरण में 15 जून तक ऑनलाइन फार्म भर सकते हैं विद्यार्थी, मोबाइल से भी फार्म भरने की सुविधा**

### विद्यार्थियों को आईडी बनाना अनिवार्य

विद्यार्थियों को एबीसी (अकैडमिक बैंक ऑफ़ क्रेडिट) आई.डी. बनाना अनिवार्य है। एबीसी (अकैडमिक बैंक ऑफ़ क्रेडिट) आई.डी. बनाने के पश्चात ही विद्यार्थी प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। ऐसे नियमित विद्यार्थी जिन्होंने पूर्व में एबीसी (अकैडमिक बैंक ऑफ़ क्रेडिट) आई.डी. बना ली है. उन्हें पुनः एबीसी आईडी बनाने की आवश्यकता नहीं है।

### इस तरह भरें आवेदन फार्म

विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबबसाईट पर जाकर ऑनलाइन एडमिशन फॉर्म 2025-26 पर क्लिक प्रवेश हेतु ऑनलाईन प्रवेश आवेदन फार्म भर सकेंगे। लिंक के माध्यम से सर्वप्रथम रजिस्ट्रेशन करेंगे। उसके बाद यूजर आईडी व पासवर्ड प्राप्त कर प्रवेश आवेदन फार्म भरेंगे।

### 16 जून को पहली मेरिट सूची होगी जारी

आवेदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद महाविद्यालयों में 16 जून को पहली मेरिट सूची जारी की जाएगी। मेरिट सूची जारी होने के पश्चात सूची में नाम आने पर संबंधित विद्यार्थी को उस महाविद्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से समस्त आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। प्रथम मेरिट सूची में प्रवेश से वंचित छात्रों को मेरिट के आधार पर द्वितीय सूची में शामिल किया जाएगा। 16 से 20 जून तक प्रवेश दिया जाएगा।

### मेरिट सूची में नाम न होने पर दोबारा आवेदन

विद्यार्थी का नाम उसके द्वारा चयन किए गये 10 महाविद्यालयों में से किसी की भी मेरिट सूची में शामिल नहीं है तो उन्हें पुनः नवीन प्रवेश आवेदन फार्म भरना होगा । जिसके लिए उन्हें पुनः रजिस्ट्रेशन करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने उसी आईडी व पासवर्ड का उपयोग कर पुनः प्रवेश आवेदन फार्म भर सकते हैं।

### इंटरनेट की प्रति भी प्रवेश के लिए मान्य

यूनिवर्सिटी ने जिन विद्यार्थियों के पास यदि अंक सूची नहीं मिली हो तो उनके लिए इंटरनेट की प्रति को भी प्रवेश के लिए मान्य किया है। अंतिम परीक्षा की अंकसूची, प्रमाणपत्र, फोटो, हस्ताक्षर आदि पहले से ही स्कैन करके रखना होगा जिससे अपलोड करते समय परेशानी न हो ऑनलाईन प्रवेश आवेदन करने के पश्चात आवेदन की एक प्रति संबंधित महाविद्यालय एवं एक प्रति संबंधित विद्यार्थी के आईडी पर अपलोड हो जाएगी जिसे विद्यार्थी कभी भी डाउनलोड अथवा प्रिंट कर सकते हैं।

### समस्या के लिए हेल्पलाइन नंबर भी किया जारी

यूनिवर्सिटी ने ऑनलाईन प्रवेश आवेदन फार्म भरते समय किसी प्रकार की समस्या आती है तो उसके लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। विश्वविद्यालय के हेल्पलाईन नं. 08062526431 पर फोन के माध्यम से अथवा **onlinehelp<\@>durguniversity.in** पर ई-मेल कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### आज से खुलेगा पोर्टल

स्नातक प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 5 जून से प्रवेश पोर्टल खोल दिया गया है। पहले चरण में 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। निजी कॉलेजों में प्रवेश के लिए अभी तिथि तय नहीं की गई है।

- भूपेंद्र कुलदीप
कुलसचिव, हेमचंद विवि दुर्ग

## खबर संक्षेप

### फैक्ट्री में चोरी करने वाला पकड़ा गया



**भिलाई।** चोरी के एक मामले में पुलिस ने अपचारी बालक व युवक को गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि लाईट इण्डस्ट्रीयल एरिया भिलाई स्टील फेब्रिकेटर फैक्ट्री है। इस दौरान विनय गोयल ने पुलिस में शिकायत किया है कि 30 मई को फैक्ट्री बंद कर अपने घर चला गया था। वापस फैक्ट्री में आने पर देखा कि आफिस के दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था। अज्ञात ने फैक्ट्री का सारा सामान पार कर दिया। आसपास खोजबीन करने के बाद सामान गायब मिला। पुलिस में शिकायत के बाद आरोपी की खोजबीन शुरु की गई। सूचना पर पुलिस ने लगे सीसी कैमरा खंगालना शुरु किया। हुलिया के आधार पर खुर्सीपार निवासी दीपक विश्वकर्मा को पकड़कर पूछताछ करने पर अपचारी बालक के साथ मिलकर फैक्ट्री में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की सम्पत्ति को जब्त की गई। कार्रवाई में जामुल थाना प्रभारी राजेश मिश्रा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### अवैध शराब के साथ 7 गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले 7 युवकों को पुलिस ने पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पदमश्री तंवर ने बताया कि मोहन नगर थाना क्षेत्र के धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग, एफसीआई गोदाम बरगद पेड़.चबूतरा के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। पुलिस ने दबिश देकर आरोपी सिकोला भाठा निवासी हरिदर्शन से 86 पौवा शराब नगदी 9120 रुपए, एफसीआई गोदाम के पास से उरला निवासी राहुल दास मानिकपुरी से 87 पौवा शराब नगदी 8920 रुपए जब्त की गई। इसी प्रकार ग्राम घोरारी के सार्वजनिक शौचालय के पास से हिम्मत लाल बंजारे 10 लीटर कच्ची शराब, ओम प्रकाश मारकण्डे 10 लीटर कच्ची शराब, नंदिनी नगर में धमधा निवासी धूलेश्वर पटेल से 29 पौवा शराब, द्वारिका साहू से 21 पौवा शराब, भूषण साहू 16 पौवा शराब जब्त किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

**राजनीतिक घमासान :** साडा के पूर्व उपाध्यक्ष बृजमोहन सिंह पर पीएम मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी का आरोप

# पुलिस राजनीतिक दबाव में कर रही है काम: कांग्रेस की गई टिप्पणी मानसिक कुंठा का परिचायक: भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

ऑपरेशन सिंदूर और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सोशल मीडिया पर हुई अभद्र टिप्पणी के बाद भिलाई में राजनीतिक घमासान तेज हो गया है। एक दिन पहले भाजपा ने इस मामले को लेकर जहां वैशालीनगर थाने में जमकर हंगामा किया। इसके बाद पुलिस ने साडा के पूर्व उपाध्यक्ष और कांग्रेस नेता बृजमोहन सिंह को गिरफ्तार कर बुधवार की सुबह आनन-फानन में जेल भेज दिया। वहीं कांग्रेस ने इस पूरे मामले को लेकर पुलिस पर राजनीतिक दबाव पर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सोशल मीडिया में अभद्र टिप्पणियां करने वालों की भरमार है। अब कांग्रेस ऐसे भाजपा नेताओं के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करेगी। इसके लिए अभियान चलाया जाएगा। कांग्रेस ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई दोषपूर्ण थी, पूरी रात हमे परेशान किया गया। बृजमोहन सिंह को एक थाने से दूसरे थाने ले जाया गया। उनसे मिलने तक नहीं दिया जा रहा है। बुधवार की सुबह भी सुबह साढ़े 10 बजे कोर्ट खुलते ही उन्हें पेश कर जेल भेज दिया गया। बृजमोहन सिंह शहर के एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं, उनके साथ ऐसा बर्ताव अशोभनीय था। इधर भाजपा ने कहा कि घटना निंदनीय है। अभद्रता की पराकाष्ठा है। इसे लेकर भाजपा नेताओं में तुषार देवांगन, सचिन ताम्रकार, मदन सेन, शारदा गुप्ता, राजेश सिंह, पारस जंघेल, विजय शुक्ला, स्वीटी कौशिक सहित अन्य ने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद मामले में अपराध दर्ज किया गया। फिलहाल इस पूरे मामले के बाद कांग्रेस और भाजपा का सियासी पारा चढ़ गया है।



### जानिए आखिर क्या है सोशल मीडिया पर टिप्पणी का यह मामला

बृजमोहन सिंह को सोशल मीडिया से पिछले दिनों एक पोस्ट हुआ, जिसमें अभद्र टिप्पणी के साथ गालियां दी गई हैं। हालांकि बाद में इस पोस्ट को हटा दिया गया, लेकिन भाजपा नेताओं ने पोस्ट की फोटो खींच ली। इसकी शिकायत करने वैशालीनगर थाने पहुंच गए। उनकी शिकायत के बाद पुलिस महकमा हरकत में आ गया। तत्काल बृजमोहन सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उनके विरुद्ध धारा 296, 353 1बी, 1सी, 353 (2) के तहत अपराध दर्ज किया है। जानकारी के बाद इस मामले में रात में ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, पूर्व विधायक अरुण वोरा, सीजू एंथोनी सहित अन्य पहुंचे। उन्होंने बृजमोहन सिंह से मिलने का प्रयास भी किया, लेकिन रात 2 बजे तक उन्हें मिलने नहीं दिया गया। इस मामले में वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने कहा कि घटना निंदनीय है। रही बात कांग्रेस के एफआईआर कराने की तो पहले कंटेन्ट बताएं, फिर बात करें।

### जमानत पर आज होगी सुनवाई, थाने से मंगाई डायरी

मामले में पुलिस ने बृजमोहन सिंह को बुधवार की सुबह न्यायाधीश डीएन ठाकुर के कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी बृजमोहन सिंह को रिमांड पर जेल भेज दिया। इसके बाद बृजमोहन सिंह के वकील ने मामले में जमानत याचिका दायर की। जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पुलिस को मामले की केस डायरी प्रस्तुति करने कहा। गुरुवार को कोर्ट में केस डायरी पेश होने के बाद जमानत पर सुनवाई होगी।



### भाजपाइयों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए

“ पुलिस ने बिना सोच, समझा, जाने और प्रारंभिक जांच के सीधे अपराध दर्ज कराया। पुलिस ने यह कार्रवाई पूरी तरह से राजनीतिक दबाव में की। देर रात तक हमें बृजमोहन सिंह से मिलने नहीं दिया गया। सोशल मीडिया में भाजपा के लोगों ने भी अभद्र टिप्पणियां की है। उन पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। कांग्रेस इसे लेकर अभियान चलाएगी। - **मुकेश चंद्राकर,** अध्यक्ष कांग्रेस भिलाई

**कांग्रेस के नेता क्या टिप्पणी का समर्थन कर रहे हैं**

“ कांग्रेस के नेता क्या इस घटना का समर्थन कर रहे हैं। इस तरह की टिप्पणी कोई भी करे, वह गलत है। यह कांग्रेस नेताओं की मानसिक कुंठा को दर्शाता है। देश के प्रधानमंत्री पर ऐसी टिप्पणी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जा सकती। - **पुरुषोत्तम देवांगन,** अध्यक्ष बीजेपी भिलाई

### चोरी के मामले में चार साल से फरार आरोपी एमपी से पकड़ाया

**भिलाई।** चोरी के मामले में चार से फरार युवक को पुलिस ने एमपी से गिरफतार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 379, 34 के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी कुंदन सिंह का ट्रक ट्रेलर सीजी 07 सीए 5583 को उमेश जायसवाल चलाया करता था। हेल्पर के रुप में मुन्नी महेश कुशवाहा करता था, अन्य ट्रक सीजी 07 एए 7985 को चालक राजेन्द्र कुमार कुशवाहा व हेल्पर ओम नारायण पटेल चलाया करते थे। आरोपी उमेश कुमार जायसवाल, राजेन्द्र कुमार कुशवाहा, मुन्नी महेश कुशवाहा, ओम नारायण पटेल, बबलू यादव, विनय सिंह ध्रुव ट्रक में लोड 2 टन 670 किलो ग्राम लोहे का सरिया, 8 नग ट्रेलर का टायर 2 लाख रुपए का को चोरी कर ले गये। पूर्व में आरोपी बबलू यादव, हरिओम पटेल को गिरफ्तार किया गया था। फरार आरोपी मुन्नी महेश कुशवाहा उर्फ दीपू को जिला सीधी मध्य प्रदेश से पकड़ा गया है। आरोपी से पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। घटना जामुल थाना क्षेत्र का है।



### मकान का ताला टूटा 70 हजार का सामान पार

**भिलाई।** प्रोफेसर के मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत जेवरात पार कर फरार हो गया। अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। जेवरा सिरसा पुलिस ने बताया कि श्री शंकराचार्य मेडिकल कालेज जुनवानी प्रोफेसर डॉ रुपेन्द्र कुमार साव ग्राम चिखली खालसा नगर किराए के मकान में निवास करते है। मकान में ताला जड़कर ससुर के साथ सेक्टर वन भिलाई गए थे। मकान मालिक के बेटा मनोज कुमार टंडन ने फोन कर सूचना दिया कि मकान में चोरी हुई है। चेक करने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात नगदी 15 हजार रुपए पार कर दिया।

# नाबालिग को डरा-धमकाकर आरक्षक करता रहा अनाचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

**छावनी थाने में अपराध दर्ज**

पुलिस विभाग के एक आरक्षक ने नाबालिग को घर में अकेली पाकर अनाचार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरक्षक के खिलाफ धारा 376, पाक्सो एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि वार्ड 31 सुंदर नगर कैंप 1 निवासी विवेक पोद्दार नामक पुलिस आरक्षक वर्ष 2021 में नाबालिग के घर पर कोई नहीं था। मां और भाई काम पर निकल गए थे। अचानक आरोपी आरक्षक विवेक नाबालिग के घर घुस आया।

नाबालिग ने शोर मचाने की कोशिश करने पर उसके साथ मारपीट कर अनाचार कर फरार हो गया। आरक्षक विवेक पोद्दार का पीड़िता के घर पहले से आना-जाना था। घटना वाले दिन मां और भाई काम से लौटने पर उन लोगों को वारदात के बारे में बताने पर मां और भाई ने उसे ही डांट दिया। परिजनों ने पीड़िता से कहा कि विवेक ऐसा नहीं कर सकता है, तुम झूठ बोल रही हो। इसके बाद पीड़िता डर गई और किसी को कुछ नहीं बताया। इससे चलते आरोपी विवेक का मनोबल और बढ़ गया। जब भी पीड़िता के घर कोई नहीं रहता था। घर में घुसता और उसके साथ अनाचार करता था। पीड़िता आरोपी की हरकतों से परेशान हो गई। उसने घरवालों से कहा कि आरोपी आए दिन जबरदस्ती करता है। इस पर परिजनों ने कहा कि वो जो कर रहा है करने दे। बालिग हो जाने पर कहीं शादी करा देंगे। आरोपी विवेक ने भी कहा कि वह उसकी शादी में पैसा खर्च करेगा। उसकी शादी अच्छी जगह हो जाएगी। परेशान होकर पीड़िता बस्ती के युवक से 9 जून 2023 को शादी कर ली।



### फर्जी केस बनाने के मामले में आरक्षक हो चुका है निलंबित

अनाचार का आरोपी आरक्षक वर्ष 2024 में दुर्ग जिले में पदस्थ था। थाने में रहने के दौरान ऑनलाइन सट्टे के आरोपी और गैंगस्टर दीपक नेपाली से संपर्क में होने का आरोप उस पर लगा था। दूसरे थाने में रहने के बाद भी उसने दीपक नेपाली के विरोधी के वाहन में पुलिस अफसर व थाना प्रभारी को सूचना दिए बगैर गांजा और पिस्टल रख दिया। आरक्षक के खिलाफ पुलिस जांच में पता चला कि दीपक नेपाली के विरोधी को फंसाने के लिए ऐसा किया गया। इसके बाद आरक्षक को तत्कालीन एसएसपी ने निलंबित कर दिया था।

# लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ धारा 318(4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि एकता नगर दुर्गा मंदिर

- **1.60 लाख का लोन दिलाया जरूरत थी 1 लाख रुपए की**

खुर्सीपार निवासी राजा बाबू शर्मा ट्रक बाडी मे मजदूरी का काम करता है। बजाज फाइनेंस एजेंट घनश्याम शर्मा ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी की है। पैसे की जरूरत पड़ने पर पीड़ित ने लोन के लिए बजाज फाइनेस कंपनी में फोन के माध्यम से पता। जहां घनश्याम साहू बजाज फाइनेंस कंपनी च्रंदा मौर्या टाकीज सुपेला में लोन डिपाटमेंट मे काम करता है। पीड़ित से बातचीत हुई उसके बाद आरोपी घर खुर्सीपार 2024 में आया था। 1 लाख लोन दिलाने का झांसा देकर 1.60 लाख रुपए का लोन मोबाइल फोन मे मैसेज के माध्यम से दिलाया। पैसा पीड़ित के खाते मे ऑनलाईन आ गया था। पीड़ित ने एजेंस से पूछा कि 1.60 लाख रुपए क्यों लोन दिया उसे सिर्फ 1 लाख की जरुरत थी। घनश्याम ने पीड़ित को झांसा देकर 1 लाख उसे दिया और 60 हजार रुपए अपने में ट्रांसफर करा लिया। घनश्याम ने पीड़ित को 60 हजार का किस्त बैंक में पटाने की बात कही थी। लेकिन घनश्याम ने बजाज फाइनेंस कंपनी में अपना किस्त नहीं पटाया। घनश्याम ने पीड़ित के दस्तावेज आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति अपने पास रखा था। जिससे तीन मोबाइल नंबर इस्तेमाल किया जा रहा था।

**खनिज न्यास मद से कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दी मंजूरी, जल्द शुरू होगा काम**

# 21 लाख से खुर्सीपार इनडोर स्टेडियम का होगा रिनोवेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाईं

भिलाई के जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर में निर्मित खुर्सीपार इनडोर स्टेडियम का रिनोवेशन होगा। जिला कलेक्टर के अध्यक्षता में प्रबंध कार्यकारिणी समिति जिला खनिज संस्थान न्यास दुर्ग द्वारा 21 लाख 25 हजार रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। लोक निर्माण विभाग द्वारा रेस्टोरेशन एवं रिनोवेशन का कार्य किया जाएगा।



### असामाजिक तत्वों ने निकाल लिए खिड़की-दरवाजे

स्टेडियम जिला खेल विभाग के अधिपत्य में था। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा वहां से खेल सामग्री एवं दरवाजे खिड़की, जाली इत्यादि तोड़ करके उठा ले गए थे। इसकी सूचना जब आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय को मिली उन्होंने इसका निरीक्षण करने के बाद, निगम के जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे से पूछे ऐसा क्यों हुआ। पूरी जानकारी प्राप्त करके जिला कलेक्टर अभिजीत सिंह को इसकी सूचना दिए। इनडोर स्टेडियम का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया था। जिला खेल विभाग को अधिपत्य में दिया गया था। जिला खेल विभाग द्वारा उसे नगर निगम भिलाई को सुपुर्द नहीं किया गया था। इसके कारण ठीक से देखरेख नहीं हो पाया था।

### पूर्ण होने के बाद निगम को हेंडओवर

नियमानुसार कार्य प्रारंभ करने के पूर्व स्थल का फोटोग्राफ एवं कार्य पूर्ण होने के पश्चात किए गए कार्यों का फोटोग्राफ पूर्णता प्रमाण पत्र एवं सीडी अंतिम भुगतान के पूर्व प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। स्वीकृत कार्य को एक वर्ष के अंदर पूर्ण किया जाना होगा। कार्य की प्रगति के संबंध में उपयोगिता एवं कार्य की पूर्णता का प्रमाण पत्र मासिक रूप से मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला खनिज संस्थान को अनिवार्य प्रेषित करना होगा। नगर निगम भिलाई द्वारा सुरक्षा के लिए तीनों शिफ्ट में गार्ड लगाया गया है। जो उसकी सुरक्षा करेगा। जिला खेल विभाग के देखरेख निर्माण किया जाएगा। जब कार्य पूर्ण हो जाएगा तब नगर निगम भिलाई को सुपुर्द किया जाएगा।


पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 5 जून 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

13



पौधारोपण

## लाइव इवेंट


### बिरसा मुंडा के शहादत पर जल, जंगल, जमीन को बचाने जुटेगा आदिवासी समाज



**भिलाई।** क्रांतिकारी और जननायक बिरसा मुंडा के शहादत दिवस 9 जून को एकता मंच रिसाली में आदिवासी जुटेंगे। इस दौरान जल, जंगल, जमीन, शिक्षा को लेकर अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसे लेकर महिलाओं ने एक बैठक आयोजित की, जिसमें यह निर्णय लिया गया। महिलाओं ने कहा कि सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक, आर्थिक चेतना समाज में लाने के लिए अभियान की शुरुआत की जा रही है। अंधविश्वास, पाखंडवाद को दूर करने, स्वच्छ समाज बनाने, सही दिशा और दशा देने हमारे क्रांतिकारी जननायक बिरसा मुण्डा ने बेगारी प्रथा के विरुद्ध उलगुलान की शुरुआत की थी। जमादारों, जागीरदारों के घरों, खेतों और वनों में काम रुकवाए थे। अंग्रेजों के खिलाफ उलगुलान किया था। उसी तरह वर्तमान परिदृश्य हमारे सामने है। लगातार शोषण की यातना सहती भिलाई और छत्तीसगढ़ की जनता त्रस्त हो चुकी है। जल, जंगल, जमीन बचाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास बचाने, मेहनतकशों की मेहताना दिलाने सभी को संगठित होकर कार्य करने की आवश्यकता है। इसे देखते हुए आंदोलन की तैयारी की गई है। बैठक में राजेंद्र परगनिहा, देवेंद्र सोनी, उमा सिंह, चन्द्रकला तारम, ममता वर्मा, निर्मला चतुर्वेदी, अन्नु जांगड़े, कनकलता नाग, कीर्ति ठाकुर, चंद्रभान सिंह ठाकुर, सुरेंद्र मोहन्ती,अभिशेष यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

### नीट यूजी आंसर-की जारी, आज रात 11.50 बजे तक खुली रहेगी ऑबजेक्शन विंडो



**भिलाई।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए ने नीट यूजी 2025 की प्रोविजनल आंसर-की जारी कर दी है। कैंडिडेट एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट neet.nta.nic.in पर लॉग इन करके नीट आंसर-की डाउनलोड कर सकते हैं। आंसर की के साथ ही एजेंसी ने कैंडिडेट्स के रिकॉर्ड किए गए आंसर भी डिस्प्ले किए हैं। नीट यूजी की आंसर-की की ऑब्जेक्शन विंडो 5 जून की रात 11.50 बजे तक एक्टिव रहेगी। कैंडिडेट्स क्वेश्चन को चैलेंज कर सकते हैं और अपना फीडबैक भेज सकते हैं। इसके लिए कैंडिडेट्स को एक सवाल के लिए 200 रुपए चार्ज देना होगा। ऑब्जेक्शन का वेरिफिकेशन सब्जेक्टस एक्सपर्ट के पैनल के जरिए किया जाएगा। यदि किसी भी कैंडिडेट का ऑब्जेक्शन चैलेंज सही पाया जाता है, तो आंसर-की को रिवाइज किया जाएगा और उसके अकॉर्डिंग सभी कैंडिडेट की आंसर-की में बदलाव किया जाएगा। परीक्षा भिलाई के 14 सेंटरों में आयोजित की गई थी। छात्रों को रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार है। रिजल्ट 14 जून को तक आने की संभावना है। प्रदेश में 13 मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 2130 और 7 डेंटल कॉलेजों में बीडीएस की 700 सीटें हैं। सभी सीटों पर प्रवेश नीट के माध्यम से होगा। एम्स में एमबीबीएस की 125 सीटों पर भी प्रवेश दिया जाएगा। इन सीटों को मिलाकर 2255 सीटें हैं। हालांकि इसकी काउंसलिंग नई दिल्ली में की जाएगी । मेडिकल कॉलेज के एमबीबीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीडीएस समेत अन्य कोर्सेस में दाखिले के युवाओं ने नीट यूजी परीक्षा दी थी। दुर्ग में 2 सरकारी मेडिकल कॉलेज और भिलाई में 1 निजी मेडिकल कॉलेज हैं। नीट यूजी की परीक्षा 4 मई को हुई थी। जिसमें दुर्ग-भिलाई के स्टूडेंट बड़ी संख्या शामिल हुए थे। रिजल्ट आने के बाद क्वालिफाइड छात्रों के नंबर तय होंगे। दरअसल जो टॉप करेगा, उनके नंबर को 100 परसेंटाइल माना जाएगा। इसके बाद यूआर के लिए 50, एसटी, एससी औरओबीसी के लिए 40, फ्रीडम फाइटर व भूतपूर्व सैनिक के लिए 45 परसेंटाइल अंक के अनुसार एडमिशन की पात्रता होगी।

#### आधिकारिक वेबसाइट पर जारी होगा रिजल्ट

नीट यूजी 2025 परीक्षा में शामिल हुए सभी अभ्यर्थी नीट यूजी 2025 रिजल्ट पर लेटेस्ट अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। नीट यूजी 2025 की प्रोविजनल आंसर जारी हो चुकी है। उम्मीदवारों को नीट यूजी प्रोविजनल आंसर की पर आपत्ति दर्ज करने का मौका दिया जाएगा। अभ्यर्थी नीट यूजी 2025 रिजल्ट से जुड़ी हर डिटेल neet.nta.nic.in पर चेक कर सकते हैं। आवेदक आधिकारिक वेबसाइट neet.nta.nic.in से नीट स्कोरकार्ड प्राप्त कर सकते हैं। नीट यूजी स्कोरकार्ड तक पहुंचने के लिए आवेदकों को अपना आवेदन नंबर,जन्म तिथि और पासवर्ड दर्ज करना होगा।

विश्व पर्यावरण दिवस आज : अगस्त महीने तक चलेगा बड़ा अभियान, गांव-गांव, घर-घर पौधे बांटने की तैयारी

# जिले में हरियाली बिखेरने 3 महीने में 7 लाख से ज्यादा पौधे रोपे जाएंगे, नर्सरी में 15 लाख से ज्यादा पौधे किए गए तैयार



**भिलाई।** हर साल की तरह इस वर्ष भी 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाएगा। इसे लेकर जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। वन विभाग, उद्यानिकी, जिल पंचायत और निकाय स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई है। जिले में अगले तीन महीने में 7 लाख से ज्यादा पौधे रोपे जाएंगे। इसके अलावा 15 लाख से ज्यादा पौधे वन विभाग और उद्यानिकी की नर्सरी में तैयार किए गए हैं, उनका वितरण किया जाएगा। इस बार घर-घर और गांव-गांव में पौधरोपण को लेकर महाअभियान चलाए जाने की तैयारी की गई है। इसके अलावा पर्यावरण प्रेमी भी हर बार की तरह पर्यावरण संरक्षण को लेकर सक्रिय हो गए हैं। डीएफओ दीपेश कपिल ने बताया कि 159 हेक्टेयर में पौधरोपण कैम्पेन चलाने का लक्ष्य लेकर कार्य शुरू किया जाना है। इसे लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। वहीं जिला पंचायत की सीईओ बजरंग दुबे ने बताया कि 1 हजार से ज्यादा पौधे रोपने के साथ इस बार हम पर्यावरण दिवस पर सोकता पीट भी तैयार करने जा रहे हैं। इधर शहर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर अलग-अलग कार्यक्रमों का भी दौर शुरू हो गया है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में 70 हजार से ज्यादा पौधे रोपने का लक्ष्य

| पौधरोपण | दुर्ग | धमधा | पाटन |
|---|---|---|---|
| पूर्व में स्वीकृत | 4305 | 3208 | 10209 |
| ब्लॉक प्लांटेशन | 8208 | 6305 | 15395 |
| रोड किनारे | 1829 | 2112 | 2835 |
| चारागाह में | 682 | 000 | 576 |
| नहर किनारे | 3980 | 2812 | 2804 |
| तालाब किनारे | 1185 | 1102 | 3168 |

#### इन एजेंसियों के माध्यम से होगा पौधारोपण

| | |
|---|---|
| सीएलएफ | 50715 |
| उद्यानिकी | 20000 |
| अभियान और श्रमदान से | 1,00,000 |

### जल परिसर में पौधा वितरण की शुरुआत

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने नागरिकों को जागरूक करने की दिशा में अपने शहर अपने क्षेत्र अपने घर के आसपास पेड़ लगाकर बेहतर पर्यावरण प्रदान करने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय ने जल परिसर में पौधे उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था की है। बुधवार को इस अभियान की शुरुआत की गई। सरोज पाण्डेय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्य में आमजनों से निवेदन किया है, कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने एवं प्रदूषण से बचाए रखने हेतु पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। आमजन को अपने निवास अपने गार्डन, बगीचे या किसी सार्वजनिक स्थान पर वृक्षारोपण हेतु पौधे की आवश्यकता है। जल परिसर में 5 जून को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक पौधे उपलब्ध रहेंगे। विशेष रूप से नीम, आम, पारस, पीपल, कोशिया स्वामी, बेल, करंज, कटहल, कचनार, रुद्राक्ष एवं रक्तचंदन आदि के पौधे उपलब्ध हैं।



### भिलाई में 2100 पेड़ लगाए जाएंगे चलेगा एक पेड़ मां के नाम अभियान

भिलाई निगम क्षेत्र में 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम 2100 से ज्यादा पौधे रोपे जाएंगे। इस अभियान में नगर निगम के सभी जोन कार्यालय में वृक्षारोपण किया जाएगा। इसमें निगम के उद्यान



विभाग द्वारा वृक्षारोपण की व्यवस्था के साथ साथ सुरक्षित रखने के लिए ट्रिगर्ड भी लगाया जाएगा। जोन 01 प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर, गौ आश्रय केंद्र गौठान परिसर जोन 02 कैलाश नगर एसआरएलएम सेंटर, जवाहर नगर, जवाहर नगर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, जोन 03 प्रगति नगर प्राथमिक स्कूल, कैंप 1 हाई स्कूल, जयंती उद्यान बैकुंठ धाम, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठ धाम तालाब, श्याम नगर महात्मा गांधी नगर शासकीय विद्यालय प्रांगण, छावनी थाना ग्राउंड, कर्म उद्यान, गुरु घासीदास उद्यान, करतार सिंह उद्यान, जोन 04 छावनी टंकी, 1.5 एम.एल.डी., गौतम नगर पानी टंकी, श्रीराम वाटिका, श्रीराम पार्क, पिंक गार्डन, इंडोर स्टेडियम, जोन 05 सेक्टर 04 सडक 25, सेक्टर 6 सडक 21, सेक्टर 6 सडक 34, सेक्टर 6 स्वामी आत्मानंद स्कुल, हुडको तालाब, सर्व सामाजिक मंगल भवन परिसर, एवं उद्यान विभाग, खम्हरिया अमृत मिशन उद्यान में वृक्षारोपण किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम सुबह 9 बजे वार्ड 1 अमृत उद्यान खमरिया में होगा।

## लर्निंग लाइसेंस बनाने शिविर, 57 ने बनवाए 70 से ज्यादा ने नंबर अपडेट करवाया

**भिलाई।** महावीर जैन श्वेतांबर सेवा समिति और जिला परिवहन विभाग के सहयोग से जैन सामाज एवं व्यापारिक बन्धुओं के लिए दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया। जिला अस्पताल के पास स्थित महावीर भवन में यह शिविर लगाया गया। शिविर में एचएसआरपी नंबर प्लेट अपडेट करने का भी कार्य किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोगों ने आकर जानकारी ली।

इस दौरान 57 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। 70 एचएसआरपी नम्बर प्लेट तथा बहुत से लोगों का आरसी बुक में नम्बर अपडेट किया गया। शहर विधायक गजेंद्र यादव के विशेष प्रयासों से यह शिविर लगाया गया। इस अवसर पर सुभाष बंजारे, रिंकू प्रसाद पाण्डेय, रवि निर्मलकर, धर्मेंद्र देवांगन, रिंकू दिनेश मारोठी, प्रकाश देशलहरा, अनूप गटागट,



निर्मल बोथरा, राजेन्द्र मारोठी, बसंत गोगड़, भंवर लाल पारख सहित अन्य मौजूद थे। आयोजन समिति की ओर से शिविर में सेवा देने वाले सदस्यों का भी श्रीफल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के प्रमुख दिनेश मारोठी ने कहा कि आने वाले दिनों में शिविर का पुनः आयोजन किया जाएगा।

## आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने गए दुर्योधन राव

**भिलाई।** आंध्र स्वाभिमान एसोसिएशन भिलाई निर्वाचन हुआ। इसमें ए. दुर्योधन राव अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष वेंकट राव मूगी, महासचिव के. प्रसाद राव, उपमहासचिव पी. जगदीश राव, सचिव के. जंगमय्या राव, कोषाधिकारी एम. ईश्वर राव, कार्यकारिणी सदस्य सीएच अप्पलस्वामी, डी. शंकर राव, शिव कुमार रायुडू, जे. श्रीनिवास राव चुने गए। नव निर्वाचित पदाधिकारी संगठन सदस्यों ने बधाई दी। चुनाव अधिकारी के. उमाशंकर राव थे। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में आंध्र समाज की बड़ी आबादी निवास करती है। वैशाली नगर, दुर्ग ग्रामीण, रायपुर, कोरबा, बिलासपुर, जगदलपुर में निवास करते हुए जीवन व्यापन कर रहे हैं। संगठन 28 वर्षों से सामाजिक कार्य कर रहा है। समाज की एकजुटता के लिए संगठन का गठन किया गया है।



जामुल में 9वीं से 12वीं तक के बच्चों को किया जा रहा प्रतिस्पर्धी परीक्षा के लिए तैयार

## फ्री कोचिंग से गढ़ रहे बच्चों का भविष्य, नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट काउंटर और करियर काउंसिलिंग के जरिए निखार रहे टैलेंट

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** अदाणी फाउंडेशन जामुल द्वारा संचालित निःशुल्क उत्थान कोचिंग ने एक बार फिर यह सिद्ध किया है कि समर्पित मार्गदर्शन, संसाधनों की उपलब्धता और प्रेरणा से विद्यार्थी किसी भी परिस्थिति में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। यह पहल शासकीय विद्यालयों के मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु समर्पित है। उत्थान कोचिंग में अनुभवी शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन, नियमित टेस्ट सीरीज, डाउट काउंटर, प्रेरणात्मक सत्र और करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन कर कोचिंग और अपने परिवारों का नाम रोशन किया। कक्षा 12वीं में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जामुल की पूर्वी भार्गव ने 79.2% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि प्रभा जांगेल ने 78.2% अंकों के साथ द्वितीय और मीनाक्षी बर्मन ने 75.6% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं श्रम निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामुल के कॉमर्स संकाय के साहिल सोनगड़े ने 79.4% अंकों के साथ विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक परिवर्तन के लिए चलाया जा रहा अभियान




अदाणी फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में इस अभिनव प्रयास के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन की नींव रख रहा है। भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि यह एक अच्छी शुरुआत है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को भी बेहतर शिक्षा का लाभ मिल पा रहा है। संस्था का प्रयास है कि आगामी दिनों में ऐसे और भी सेंटर खोले जाएं, ताकि ज्यादा से ज्यादा बच्चों को एक्सपर्ट टीचरों का मार्गदर्शन मिल सके। और वे कॉम्पिटेटिव एग्जाम की तैयारी में शहर के बच्चों से पीछे न रहें। संस्था द्वारा प्रयास किया जा रहा है कि बच्चों को स्कॉलरशिप भी दी जाए, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की परेशानी सामने न आए।

#### कोचिंग में पढ़ने वाले ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों का सुधर रहा परीक्षा परिणाम

कोचिंग में पढ़ने वाले ग्रामीण परिवेश के बच्चों का परीक्षा परिणाम सुधर रहा है। कक्षा 10वीं में पूर्वी ने 88% अंक प्राप्त कर शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जामुल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं में चमन साहू ने 68% अंकों के साथ प्रथम स्थान और मन्नत मेश्राम ने 65% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11वीं में शासकीय विद्यालय कुरुद के हर्ष कुमार साहू ने गणित विषय में 74.4% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अनुष्का सिंह ने 70% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कक्षा में शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय जामुल की मनीषा यादव ने कॉमर्स संकाय में 74% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

#### सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने शुरू किया गया अभियान

जानकारी के मुताबिक सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। इन विद्यार्थियों की सफलता उनके निरंतर परिश्रम, पारिवारिक सहयोग, कोचिंग के मार्गदर्शन और शिक्षकों की प्रतिबद्धता का परिणाम है। उत्थान कोचिंग अब केवल एक शैक्षणिक मंच नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर और सक्षम नागरिक बनाने की दिशा में एक सशक्त प्रयास बन चुका है। यह पहल विद्यार्थियों के जीवन में आशा की किरण बनकर उभरी है, जिससे वे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी बनने के अपने सपनों को साकार करने की दिशा में अग्रसर हैं।

## सिटी इवेंट

# हैण्डलूम एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी के पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदन 10 तक



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन ग्रामोद्योग विभाग अंतर्गत चांपा में संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान चांपा और वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा संचालित बरगढ़ उड़ीसा में जुलाई से प्रारंभ होने वाले डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नालॉजी के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम समेस्टर एवं लेक्चरल एन्ट्री के माध्यम से सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ राज्य के निवासियों से आवेदन पत्र आमंत्रित की गई हैं। डिप्लोमा इन हैण्डलूम एण्ड टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए 10वीं अथवा समकक्ष परीक्षा अंग्रेजी विषय सहित उत्तीर्ण होना एवं आयु सीमा 15 से 23 वर्ष, अनुसचित जनजाति-अनुसूचित जाति अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। सीधे तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश के लिए गणित, भौतिकी और रसायन विषय सहित 12वीं की परीक्षा के साथ वस्त्र प्रौद्योगिकी में अतिरिक्त विषय सहित 10वीं एवं 12वीं परीक्षा के साथ 2 वर्ष का औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थी प्रवेश के लिए पात्र रहेंगे। जिसके लिए आयु सीमा 17 से 25 वर्ष के बीच एवं अनुसूचित जनजाति-अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा 17 से 27 वर्ष के बीच होना आवश्यक है। आवेदन पत्र संस्थान के वेबसाईट www.iihtchampa.org.in से डाउनलोड किया जा सकता है। स्वप्रमाणित आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट द्वारा अथवा ईमेल आईडी iihtchampacg@gmail.com या स्वयं उपस्थित होकर 10 जून को शाम 5 बजे तक प्राचार्य, भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान मड़वा प्लाट रोड लक्षनपुर चौक चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. में जमा किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए ग्रामोद्योग संचालनालय हाथरकघा इन्द्रावती भवन नवा रायपुर में अथवा जिले में जिला हाथरकघा अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

## सिटी लाइव

# क्रासिंग पर बचाई जान, बुद्ध सिंह हुए सेवानिवृत्त, रेलवे ने किया सम्मान



**भिलाई।** भारतीय रेलवे की 41 साल की सेवा के बाद भिलाई तीन निवासी बुद्ध सिंह गेटकीपर के पद से सेवानिवृत हुए हैं। उन्होंने कई मौके पर ड्यूटी के दौरान उन्होंने क्रासिंग पर लोगों की जान भी बचाई और दुर्घटनाओं को भी टाला। रायपुर में रेलवे द्वारा आयोजित एक समारोह में एपीओ महेंद्र कुमार एवं एडीएफएम सुमित्रा पाल ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान उन्हें सेवानिवृति का प्रमाण पत्र भी सौंपा गया। दोनों अधिकारियों ने बुद्ध सिंह की मृदभाषी, मिलनसार छवि एवं ड्यूटी के प्रति समर्पण की सराहना की। बुद्ध सिंह ने पावर हाउस एवं सुपेला रेलवे क्रासिंग पर लंबे समय तक सेवाएं दी। पूर्व में इन दोनों रेलवे क्रासिंग पर यातायात का जबरदस्त दबाव रहता था। तब इन दोनों स्थानों पर फ्लाईओवर अथवा अंडर ब्रिज नहीं बना था। ऐसे में यातायात के दबाव के बीच ट्रेन एवं आम लोगों के सुरक्षित यातायात को लेकर गेटमैन की अहम भूमिका रहती थी। बुद्ध सिंह ने इस भूमिका को बखूबी से निभाया। इसकी वजह से उन्हें न सिर्फ रेलवे बल्कि स्थानीय लोगों व सामाजिक संगठनों ने भी कई बार सराहा। अपने कर्तव्य के लिए सदैव समर्पित रहे बुद्ध सिंह को रेलवे कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं दी।

## सिटी इवेंट

# ज्ञानपीठ विजेता विनोद का किया सम्मान उनकी पुस्तकों पर बन चुकी कई फ़िल्में



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कवि, कहानीकार और उपन्यासकार विनोद कुमार शुक्ल को सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान ज्ञानपीठ से विभूषित करने की घोषणा के बाद भिलाई के शिक्षाविद्सा और साहित्य प्रेमी डॉ. महेशचन्द्र शर्मा ने उनके रायपुर स्थित आवास पर जाकर शॉल-श्रीफल से उनका अभिनन्दन किया। संस्कृति और साहित्य के शोधकर्ता डॉ.महेश ने उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। कृषि महाविद्यालय के प्राध्यापक रहे विनोद शुक्ल ने 'नौकर की कमीज़', 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' और 'सब कुछ होना बचा रहेगा' आदि उनकी अनेक प्रसिद्ध पुस्तकें लिखीं और कई पर फ़िल्में भी बनीं। यद्यपि विनोद कुमार शुक्ल को कई राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं, परन्तु ज्ञानपीठ सर्वोच्च सम्मान है। उनके साहित्य में विचारों और संवेदनाओं का अद्भुत संगम है। डॉ.महेश द्वारा विनोद शुक्ल को सम्मानित करते समय उनके सुपुत्र शाश्वत शुक्ल भी उपस्थित थे। शुक्ला की रचनाओं में मौलिकता, गहराई और मानवीय सरोकारों की त्रिवेणी प्रवाहित है। भारतीय साहित्य में कृषि प्रधान और ऋषि प्रधान सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। शुक्ल के अनुसार हम अपने लिये नहीं, अपितु दूसरों के लिये अच्छा करेंगे तो अच्छे बन सकते हैं।

---

**ब्रह्माकुमारीज़ का आयोजन गुड बाय टेंशन शिविर का नौ दिवसीय निःशुल्क आयोजन**

# गुड बाय टेंशन का महामंत्र-सोने के पूर्व और सुबह उठने को दो घंटे तक नो मोबाइल, गैजेट्स से रहें दूर, ब्रम्हमुहूर्त से करें दिन की शुरुआत

**भिलाई।** जो कुछ हम बार बार सोचते हैं वैसा हमारा जीवन बनता जाता है। हमारे हर संकल्प का प्रभाव जीवन पर पड़ता है। हमारे साथ होने वाली हर घटना के लिए हमारे हर संकल्प जिम्मेदार हैं। सभी व्यक्ति को सोने से दो घंटे पूर्व ही मोबाइल, कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूर हो जाना चाहिए। साथ ही सुबह उठने के दो-तीन घंटे बाद ही इनका प्रयोग करे। ऐसा प्रयोग नियमित रुप से करेंगे तो गुड बाय टेंशन का महामंत्र आपके जीवन का वरदान बन जाएगा। यह बातें इंदौर से भिलाई पहुंची तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम बहन ने गुडबाय टेंशन'' शिविर के पहले दिन कही। सेक्टर 7 स्थित प्रजापिता ब्रम्हकुमारी के पीस ऑडिटोरियम में नौ दिवसीय अलविदा तनाव गुडबाय टेंशन शिविर का निःशुल्क आयोजन किया गया है, जिसमें इंदौर से भिलाई पहुंची तनाव मुक्ति विशेषज्ञा ब्रह्माकुमारी पूनम सी एस चेतन मन (कांशियस माईंड) व अवचेतन मन (सबकांशियस माईंड) के बारे में उदाहरण सहित समझाया। नौ दिवसीय शिविर के उद्घाटन के दौरान प्राचार्या डॉ हंसा शुक्ला, पायल जैन, लक्ष्मीबाई, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स प्रदेश महामंत्री उज्जवल भसीन, अग्रवाल समाज अध्यक्ष बंसी अग्रवाल, जिला पतंजलि अध्यक्ष अनुप गुप्ता, स्पर्श हॉस्पिटल प्रबंधक डॉ. अंशुमान गोयल, भिलाई इस्पात संयंत्र ई डी शंकर कुमार उपस्थित थे। सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। यह नौ दिवसीय गुड़ बाय टेंशन अलविदा तनाव शिविर 3 जून से 11 जून शाम 7 बजे से सभी के लिए निशुल्क रखा गया है।



### अलविदा तनाव का महामंत्र आपके जीवन का वरदान

उन्होंने पूरे विश्वास से यह संकल्प कराते हुए कहा कि हर बार अच्छा बोलना यह सिर्फ भावना नहीं है मन एक साइंस की तरह है। यदि ऐसा 21 दिन करेंगे तो तथास्तु का वरदान मिल जायेगा। उन्होंने बताया कि रात को सोने से पूर्व भी अवचेतन मन जगा रहता है इसलिए रात्रि को भी ये विचार करते हुए सो जायें। सोने से दो घंटे पूर्व ही मोबाइल, कंप्यूटर इत्यादि इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स से दूर हो जायें व सुबह उठने के दो तीन घंटे बाद ही इनका प्रयोग करें तो गुड बाय टेंशन अलविदा तनाव का महामंत्र आपके जीवन का वरदान बन जाएगा। आज का सत्र खुशियों का उत्सव, खुशी का रिमोट विषय पर रहेगा।

### ब्रह्ममुहूर्त में लें संकल्प, हमार मन आज्ञाकारी सेवक

बीके पूनम ने कांशियस माईंड और सबकांशियस माईंड के बारे में कहा कि अवचेतन मन हमारा आज्ञाकारी सेवक होता है। उसको जो संकल्प बार-बार देंगे वो पूरा कर देता है। जब हम सुबह सूर्योदय से पूर्व ब्रह्ममुहूर्त में सोकर उठते हैं तो शुरू के 20 मिनट हमारा अवचेतन मन पूर्ण जागृत अवस्था में रहता है। उस समय जो विचार उसमें डाल देंगे तो वह तथास्तु कर हमारे प्रैक्टिकल जीवन में स्वरूप बन जाता है। इसलिए सूर्योदय से पूर्व उठकर पढ़ना, मौन साधना करना सभी के लिए बेहद लाभकारी है।



### तनाव व समस्याओं से मुक्त रहने दिया संकल्प

पूनम दीदी ने मेरा जीवन विघ्नों, तनाव व समस्याओं से मुक्त है, मैं बहुत सुखी हूं, मैं सर्वशक्तिमान परमात्मा की संतान हूं, सभी समस्याओं, तनाव, दुःखों, बीमारियों से भी अधिक शक्तिशाली मैं हूं, मै भाग्यविधाता परमात्मा का बच्चा बहुत भाग्यवान हूं, मेरे साथ सब कुछ अच्छा चल रहा है व सब कुछ अच्छा ही होगा जैसे विचारों का अभ्यास कराते हुए घर में रात्रि सोने के पूर्व और सुबह करने के लिए होमवर्क के रूप में नोट भी करवाये।

### आता है जीवन में सकारात्मक परिवर्तन

ब्रह्माकुमारी पूनम संपूर्ण मौन में ईश्वरीय महावाक्यों का गहन अध्यन करके अलविदा तनाव शिविर के दौरान ही सभा को संबोधित करती है,जिससे उनकी शक्तिशाली वाणी के ओज से सभी को सहज ही तनावमुक्त स्थिति की अनुभूति होकर जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

---

## पौधारोपण

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मां के नाम पर लगाए पौधे, उसे सहेजने लिया संकल्प



**जेके लक्ष्मी सीमेंट प्रबंधन द्वारा प्लास्टिक कचरा सफाई और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन**

**भिलाई।** नंदिनी अहिवारा जेके लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड पर्यावरण विभाग द्वारा सीएसआर टीम के साथ मिलकर अहिवारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अहिवारा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्लास्टिक कचरा सफाई कार्यक्रम और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अहिवारा नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाहा और एवीपी ऑपरेशन-जेकेएलसी दुर्ग प्लांट राजपाल सिंह शेखावत उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा अहिवारा अस्पताल परिसर में छायादार और औषधियुक्त पेड़ लगाए गए और प्लास्टिक कचरा सफाई कार्यक्रम का नेतृत्व किया। वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विद्यानंद कुशवाह द्वारा की गई। इस अवसर पर नगर पालिका के सदस्य, जेके लक्ष्मी के कर्मचारियों की सीएसआर टीम, पर्यावरण टीम और शासकीय अस्पताल अहिवारा के स्टाफ द्वारा पौधे लगाए गए साथ ही उसे पल्लवित कर सुरक्षित रखने का संकल्प भी लिया गया। प्लास्टिक कचरा सफाई कार्यक्रम के अवसर पर पर्यावरण विभाग से अवनीश चौहान ने सिंगल युज प्लास्टिक से पर्यावरण को हो रहे दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और इसका उपयोग न करने की अपील भी किया। विद्यानंद कुशवाह ने उपस्थित सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निर्वहन करने का अपील किया। इस अवसर पर एवीपी ऑपरेशन राजपाल सिंह शेखावत द्वारा अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के बारे में जागरूक किया गया।

## आयोजन

# प्रौद्योगिकी के युग में स्वास्थ्य व चिकित्सीय देखभाल पर पांच सत्रों में दी जानकारी



**भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के विधि संकाय द्वारा राष्ट्रीय कार्यशाला**

**भिलाई।** प्रौद्योगिकी के युग में स्वस्थ्य और चिकित्सीय देखभाल के विधिक पहलुओं पर भारती विश्वविद्यालय दुर्ग के विधि संकाय द्वारा पांच दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला विधिक विशेषज्ञों , शिक्षाविदों और छात्रों को एक साझा मंच प्रदान कर विधि, तकनीक और स्वस्थ प्रशासन के अंतर संबंधों पर गहन जानकारी के लिए उपयोगी रही।

कार्यशाला का उद्घाटन प्रभारी डॉ शोभा सिंह ठाकुर के स्वागत वक्तव्य और डॉ निमिषा मिश्रा द्वारा परिचयात्मक व्याख्यान के साथ हुआ। कार्यशाला के प्रथम सत्र में सहायक प्रोफेसर फैज़ आयत अंसारी द्वारा भारतीय संविधान में स्वास्थ्य अधिकार, प्रमुख स्वास्त्य कानूनों और तकनीक के कारण हो रहे विधिक परिवर्तनों पर चर्चा की गयी। दूसरे सत्र में युपीईएस विश्वविद्यालय देहरादून की सहायक प्रोफेसर श्रुति चतुर्वेदी ने टेलीमेडिसिन में डाटा गोपनीयता, साइबर सुरक्षा जैसे नये विषयों पर प्रकाश डाला। तीसरे सत्र में कलिंगा विश्वविद्यालय भुवनेश्वर की सहायक प्रोफेसर सुष्मिता प्रियदर्शिनी मिश्रा ने आयुर्वेदिक चिकित्सा कानूनों और नीतियों पर व्याख्यान दिया। चौथे सत्र में नवरचना विश्वविद्यालय बड़ोदरा की सहायक प्रोफेसर डॉ चन्द्रिका तेवतिया राज ने अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य कानून विश्व स्वस्थ्य संगठन के दिशा निर्देशों और मानवाधिकार मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी। पांचवे सत्र में अधिवक्ता पूजा महाजन ने ऐ आई पर आधारीत स्वास्थ सेवाओं में समकालीन विधिक जटिलताओं पर विश्लेषण प्रस्तुत किया। सभी सत्रों में प्रश्नोत्तर सेशन आयोजित किये गए, जिनमें प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। आस्था चतुर्वेदी के समन्वय में आयोजित इस कार्यशाला में देश भर के छात्र और अधिवक्ताओं ने भाग लिया। समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

---

**बाजार जाते समय थैला लेकर जाने की आदत डालने और पेड़ पौधों की देखभाल करने की अपील**

# सामूहिक प्रयास से बचाया जा सकता है पर्यावरण, पोस्टर में दिखाया पॉलिथीन के दुष्प्रभाव, चंदन व रूद्राक्ष के लगाए पौधे

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** पर्यावरण संरक्षण मंडल और केंद्रीय विद्यालय दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य उमाशंकर मिश्र, पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. अनीता सावंत, वैज्ञानिक शिव पटेल और मनोज श्रीवास्तव ने अपने विचार रखें। स्कूल में बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस दौरान सभी से बाजार जाते समय थैला लेकर जाने की आदत डालने, पेड़ पौधों की देखभाल करने और अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने की अपील की गई। इस अवसर पर स्कूल में चंदन और रुद्राक्ष के पौधे भी लगाए गए।








### प्लास्टिक के दुष्परिणाम गंभीर, समुद्री जीवन पर नकारात्मक प्रभाव

इस अवसर पर डॉ अनीता सावंत ने कहा कि प्लास्टिक सुविधा जनक है लेकिन प्रकृति को नष्ट कर रहा है। इसके दुष्परिणाम गंभीर होते हैं, जो पर्यावरण, मानव स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हैं। प्लास्टिक का प्राकृतिक रूप से विघटन नहीं होता है और यह लंबे समय तक मिट्टी और पानी में मौजूद रहता है, जिससे प्रदूषण और मिट्टी की उर्वरता प्रभावित होती है। प्लास्टिक प्रदूषण से जल निकासी अवरुद्ध होती है, बाढ़ आती है, और समुद्री जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। तुरंत उत्पन्न बच्चे के अंदर भी माइक्रो प्लास्टिक का दुष्प्रभाव देखा गया है। वैज्ञानिक शिव पटेल ने ई वेस्ट पर अपने विचार रखते हुए कहा कि इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का आजकल अंधाधुंध उपयोग हो रहा है और अपडेटेड चीजों को हम अपडेट करने में विश्वास नहीं रखते उसे तुरंत बदल देते हैं और वर्तमान समय में ई वेस्ट बढ़ता जा रहा है। वैज्ञानिक मनोज श्रीवास्तव ने कचरे की प्रबंधन पर अपने विचार रखें। उन्होंने कहा कि गीला कचरा और सूखा कचरा हमें अलग-अलग रखना चाहिए और कचरे का निष्पादन करके उसे खाद या एनर्जी का निर्माण करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अजय आर्य ने किया।

### विजेता छात्रों को मिला पुरस्कार

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम अनुराग, द्वीतीय अदिति सिंगरौल, तृतीय सौम्या चौरसिया, सांत्वना पुरस्कार अधीरा शर्मा, कृति सिंह, कृति तुलसीकर, शिवानी देशमुख को मिला। द्वितीय श्रेणी कक्षा नवमी से 12वीं तक में प्रथम दिशा शुक्ला, द्वितीय ज्योतिर्मयी प्रधान, तृतीय भावलीन कौर भाटिया, सांत्वना पुरस्कार आरवी, निखिल, तेजस, डॉली साहू, सोनाक्षी, वेदिका गीते को मिला। निबंध प्रतियोगिता छठवीं से आठवीं तक में प्रथम अधीरा शर्मा, द्वितीय रिया वर्मा, तृतीय कृति तुलसी, सांत्वना पुरस्कार सौम्या, अवनी गुप्ता, अनुष्का वर्मा, सिद्रा अली, निबंध लेखन द्वितीय श्रेणी कक्षा नवमी से 12वीं तक में प्रथम आशिता वर्मा, द्वितीय दिशा शुक्ला, तृतीय संचिता भोई, सांत्वना पुरस्कार मेघा तुलसीकर, ज्योतिर्मयी प्रधान, साक्षी साहू, शुभम पूरी को पुरस्कृत किया गया।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेसियों ने निकाली संविधान बचाओ रैली

**उतई।** नगर कांग्रेस कमेंटी उतई के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष नगर पंचायत उतई के पार्षद द्वारिका साहू, पूर्व अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, सुरता सिंह गढ़े, भावेश साहू, धनंजय नेताम, मुकेश साहू आदि उपस्थित थे।

### विकसित कृषि संकल्प यात्रा आयोजित



**धमधा।** कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा के वैज्ञानिक डॉ. रोशन कुमार साहू उद्यानिकी, उमेश पटेल मृदा वैज्ञानिक सहित विकासखंड के वरिष्ठ कृषि अधिकारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, कमलेश्वर सिन्हा, अविरल वरिष्ठ उद्यानिकी अधिकारी रवीश कुमार साहू, मत्स्य निरीक्षक स्वीटी सिंह, पशु चिकित्सा विभाग सहित बीमा कंपनी ग्राम के कृषकों की उपस्थिति रही। वरिष्ठ कृषि अधिकारी धमधा द्वारा जानकारी दिया गया कि विकासखंड धमधा में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा के द्वारा रथ को रवाना किया गया था। जिसमें कृषि वैज्ञानिक के द्वारा गांव में कृषि की उन्नत तकनीकी के साथ धान की नई किस्म विक्रम टीसीआर, 1156 को लगाने की जानकारी दिए। मृदा परीक्षण के लाभ, संतुलित उर्वरक का उपयोग, डीएपी के विकल्प पर अपने खाद का उपयोग करने की जानकारी, उद्यानिकी फसलों पर तकनीक की जानकारी, पशु पालन एवं मत्स्य पालन के संबंध में, कृषि के अतिरिक्त लाभ अर्जित करने का तरीका बताए गए।

## कातरो, खोपली, तिरगा, थनौद सहित विभिन्न स्थानों में आंबा केंद्रों का उद्घाटन

# आंगनबाड़ी के बच्चों को देश के महापुरुषों की वीरगाथा जरूर सुनाएं: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में एकीकृत बाल विकास परियोजना के अंतर्गत 11 नए आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन किया गया है। यह केंद्र कातरो, खोपली, तिरगा, थनौद, निकुम, अण्डा, सिरसा, भरदा, भेंड़सर, नगपुरा और कोटनी जैसे विभिन्न स्थानों पर खोले गए हैं, जो क्षेत्र के बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकार ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

ग्राम अण्डा में इस कार्यक्रम का उद्घाटन दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकार ने किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में लक्ष्मी धीवर के पुत्र शिवान्स का अन्नप्राशन किया गया। उद्घाटन समारोह में कई गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही, जिनमें उषा झा, पर्वेक्षक महिला एवं बाल विकास परियोजना, सरपंच दिग्विजय सिंहा, जनपद सदस्य अजीत चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि मनोज चंद्राकर, उपसरपंच यशवंत बंजारे और पंचगण गोपाल साहू एवं यादवेंद्र चंद्राकर शामिल थे।

**आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं से की चर्चा**




इस मौके पर विधायक ललित चंद्राकार ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्घाटन हमारे बच्चों के भविष्य को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें गर्व है कि हम अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण, शिक्षा और देखभाल प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इन केंद्रों के माध्यम से न केवल बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध होंगी, साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका से बातचीत किया और उनसे कहा गया की बच्चो को हमारे देश के महापुरुषों की कहानियां वीर गाथा जरूर सुनाए, जिससे बच्चे बचपन से ही अपने देश के प्रेम भावना जागृत हो साथ ही बच्चो को अच्छे संस्कार देने की बात कही।

उषा झा ने अपनी बात में कहा कि इन आंगनबाड़ी केंद्रों का उद्देश्य बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा, स्वास्थ सेवाएं और पोषण प्रदान करना है। हम सभी को मिलकर इन केंद्रों को सफल बनाने के लिए काम करना होगा। ग्रामवासियों ने भी इस पहल का स्वागत किया है। स्थानीय निवासी व उपसरपंच यशवंत बंजारे ने कहा, यह केंद्र हमारे बच्चों के लिए वरदान साबित होंगे। अब हमारे बच्चे बेहतर शिक्षा और देखभाल के लाभान्वित होंगे। इस उद्घाटन समारोह ने एक नई शुरुआत को दर्शाया है, जो बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। इस तरह की पहलें न केवल शिक्षा में सुधार करती हैं, बल्कि समाज में समग्र विकास को भी प्रोत्साहित करती हैं।

## अमीर के बच्चों को विषय, शिक्षा के ज्ञान की जरूरत है तो क्या गरीब के बच्चों को नहीं?: फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद





छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने स्कूलों एवं शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध शिक्षकों के जिला स्तरीय आंदोलन का समर्थन किया है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, राकेश चन्द्र साहू तथा कृष्ण कुमार धुरंधर ने बताया कि शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति में शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षावार प्रत्येक विद्यार्थियों को विषय शिक्षक उपलब्ध कराने की व्यवस्था को नजर अंदाज किया गया है।

उन्होंने बताया कि बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के अनुसूची (धारा-19 और 25) में विद्यालय के लिए मान और मानक में उल्लेख है कि कम से कम प्रति कक्षा में एक शिक्षक विज्ञान और गणित, सामाजिक अध्ययन और भाषा का शिक्षक रहना चाहिए, लेकिन इसके विपरीत विषय व्यवस्था को नजर अंदाज कर विद्यार्थियों की दर्ज संख्या के मान और मानक से शिक्षकों को अतिशेष किया जा रहा है। जो कि बच्चों का निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि हाई स्कूल, हायर सेकंडरी स्कूलों में विषयमान से स्वीकृत पदों में कार्यरत उसी विषय शिक्षकों को भी अध्यापन के 4 कालखण्ड से कम होने के आधार पर अतिशेष किया जाना अवैधानिक है। उन्होंने दावा किया है कि शिक्षा विभाग के युक्तियुक्तकरण नीति से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के अनेक स्कूल बंद होंगे। जिसके कारण शिक्षा के प्रसार से नीति पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।

## माता-पिता की तरह संरक्षण दें, तब वृक्ष तैयार होगा



**जामगांव आर।** वृक्षारोपण का जब जुनून वर्ष 2021 में सवार हुआ तब समीपस्थ ग्राम भंसुली निवासी 60 वर्षीय टीकम चंद्राकर खेती को रेगहा, अधिया देकर अपने आप को खेती किसानी से मुक्त करते हुए पर्यावरण मित्र बनकर मुक्तिधाम, डबरी पार, चारागाह, नाहर पार, पीपल, बरगद, बेल, नीम, आम, करण, आंवला, जामुल का पौधा आदि स्थानों पर करीब 200 पौधे का रोपण अपने हाथों से करते हुए उनका पालन पोषण करने अल सुबह प्रतिदिन चक्कर लगाते हैं। वहीं टीकम कहते है कि जो लोग वृक्षारोपण कर रहे माता पिता की तरह उसकी देख भाल भी करे,केवल वृक्षारोपण करते समय फोटो खिंचवाकर वाहवाही लूटने की नियत कतई अच्छी नहीं है। विगत 5 वर्षो से अनवरत वृक्षारोपण और संरक्षण जारी है अब तो यह दिनचर्या में शामिल हो गया है। जब कोई भी वृक्ष को किसी प्रकार से क्षति पहुंचती है तो दिल दुखी हो जाता है मन खिन्न हो जाता है। पर्यावरण मित्र टीकम चंद्राकर कहते है कि अब तो वृक्षारोपण हेतु सलाह मशविरा लेने लोग सतत आते हैं।

## पर्यावरण दिवस पर विशेष

### पथरीली जमीन में भी पौधारोपण कर बिखेरी हरियाली



**कुम्हारी।** कहते हैं चाह जहां राह वहां इस बात को स्थानीय भारत युवा संकल्प समिति के युवाओं ने साबित कर दिखाया है। नगर में हरियाली और पेड़ पौधों के संरक्षण हेतु स्थानीय कुछ युवाओं ने संकल्प लेकर पौधारोपण प्रारम्भ किया। क्योंकि जगह-जगह पौधे लगाकर उसका रखरखाव और समय-समय पर पानी की समस्या को देखते हुए इन्होंने महामाया रोड स्थित पत्थर खदान के पास करीब एक एकड़ के पथरीली भूमि को इसके लिए चुना 2010 में जब इसकी शुरुआत की गई तो महज 5-6 युवाओं ने ही इसमें रुचि दिखाई। समिति के सदस्य हरीश सोनी ने बताया कि उस समय जब वे पौधे लगाते थे तो लोग उन पर हंसते थे और कहते थे कि इस जगह में पौधे लगा रहे हैं ये बेवकूफ लेकिन हम रुके नही अपना काम करते रहे। धीरे धीरे और भी युवा इस अभियान से जुड़ते चले गए और देखते ही देखते यह संख्या 18-19 के करीब हो गई और इन लोगों ने भारत युवा संकल्प समिति का निर्माण किया जिसका उद्देश्य वृक्षारोपण और उसकी देखभाल करना है। देखते ही देखते इन युवाओं ने उस पत्थर खदान की पथरीली भूमि में लगभग 300 सौ वृक्षों की हरियाली से आच्छादित कर दिया लेकिन 2019 को कुछ असामाजिक तत्वों ने वहां आग लगा दी जिससे करीब 150 पेड़ों को नुकसान हुआ। इस बात से परेशान युवाओं ने नगर के कुछ गणमान्य नागरिकों से उस क्षेत्र की घेराबंदी की अपील की तब राकेश पाण्डेय, रामाधार शर्मा, निश्चय बाजपेई एवं युवराज साहू के सहयोग से उस पूरे क्षेत्र में तार से घेराबंदी की गई लेकिन चोरों द्वारा तार घेरा को ही चुरा लिया गया तमाम परेशानियों के बावजूद इन युवाओं के हौसलों में कोई कमी नही आई ये लगातार वहां वृक्षारोपण करते हैं। इस वर्ष पर्यावरण दिवस पर इन्होंने 50 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इस कार्य में समिति के जो युवा अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं उनमें हरीश कुमार सोनी, नंद लाल साहू, रामजी यादव, कुलेश्वर वर्मा, सुनील पटेल, ओम प्रकाश साहू, किशोर धीवर, धननजय साहू, चंदशेखर साहू, राकेश सेन, उमाकांत साहू, नारायण साहू, गीतेश्वर साहू, दिलीप,भैरव साहू, ओमेंद्र साहू, तेजेंद्र पाल शर्मा, सतीश साहू, कौशल किशोर साहू, मिथलेश धीवर एवं अविनाश सिन्हा शामिल हैं।

### पौधे लगाकर उसे सहेजना भी एक जुनून



**कुम्हारी।** पेड़ पौधों के प्रति स्नेह और उनकी देखभाल करना आसान नही होता इसके लिए पर्यावरण के प्रति सजगता और पौधों के प्रति प्रेम आवश्यक है। स्थानीय भाजपा के पार्षद और जल प्रभारी अश्वनी देशलहरे इसका ज्वलंत उदाहरण हैं। अब तक उन्होंने करीब 4600 से भी अधिक पौधे नगर के विभिन्न स्थानों में जैसे विभिन्न स्कूल, महामाया मार्ग, शीतला मंदिर और गौरव पथ सहित विभिन्न स्थानों में वृक्षारोपण किया है। अश्वनी देशलहरे ने बताया कि कक्षा 5 वीं में पढ़ते हुए पहली बार अपने पिता को स्कूल में दो पेड़ लगाते हुए देखा तो उन्होंने पूछा था की पेड़ क्यों लगाते हैं।

### हजारों पक्षियों का आशियाना बनाया



**निकुम।** दुर्ग जिले के ग्राम निकुम में पर्यावरण के रखवाले धरम दास साहू ने अपने स्वयं के जमीन में सिर्फ धान नही पूरे 12 एकड़ में नीलगिरी, सागौन, मालाबार नीम, पाम की तकरीबन चालीस हजार पौधे से उसकी जमीन में हरियाली लहरा कर धरती का श्रृंगार कर रही है। 47 वर्षीय युवा धरमदास जो कि सफल व्यवपारी है, बचपन से पेड़ पौधो से गहरा लगाव हैं। हजारो पक्षियों की आवाज से नर्सरी में अलग ही नजारा रहता है,वही बिजली बचाकर पेड़ो में सिचाई करने सोलर पंप से पर्याप्त पानी हो जा रहा है, वही पेड़ पौधो के कारण क्षेत्र का वाटरलेबल भी संतुलन है। वहीं कई युवाओं, पढ़े लिखे लोग प्रेरित होकर पर्यावरण को हरियाली बिखरने की मुहिम से जुड़ रहे हैं।

### बंजर जमीन को पौधे रोपकर बना दिया हराभरा



**उतई।** ग्राम बड़े अंगूरी निवासी 65 वर्षीय ए देवचरण साहू की जिंदगी मूंगफली में कट रही हैं। मगर पर्यावरण प्रेम उसके अंतर जुनून के हद तक है उन्होंने एक एकड़ से अधिक बंजर जमीन में पौधा लगा उन्हें बच्चों की तरह पाल पोसकर हरियाली बिखेर दी। उनके लगा इन पेड़ों को कुछ लोगों ने काट कर ठूठ में तब्दील कर दिया था। फिर भी उनके उनके हौसले नहीं टूटे आधा किलोमीटर दूर गांव के बाहर भरे नाले हिमालय से कांवर में पानी ढोकर ठूठ को सींचकर उन्हें पेड़ का रूप दे दिया और आज भी अनेक प्रकार की चुनौतियों से लड़कर पर्यावरण योद्धा बनकर पेड़ों की रक्षा कर रहे हैं साहू कहते हैं कि पेड़ पौधे से उन्हें बचपन से ही लगाव था। उसका लक्ष्य 108 चंदन के पेड़ लगाने के साथ साथ 50 प्रजातियों के पेड़ लगाने का है।

### युवाओं की जिद कर रही धरती का श्रृंगार



**सेलूद।** आज से छः वर्ष पूर्व धान खरीदी केन्द्र सेलूद में युवाओं ने अपने जन्म दिन पर पौधरोपण करने का एक छोटा सा अभियान शुरू किया ।लेकिन अभियान इतना आगे बढ़ा कि आज उक्त स्थल पर लगभग सैकड़ों पौधे का रोपण हो चुका है । यह तो पर्यावरण के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य हो रहा है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण कार्य यह हो रहा है कि इस संदेश के माध्यम से प्रदेश के कोने कोने में लोग अपने जन्मदिन और मांगलिक अवसरों पर पौधरोपण कर रहे है यह संदेश प्रकृति के साथ मानव जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। खबरनामा ग्रुप पाटन विधानसभा द्वारा धान खरीदी केंद्र सेलूद के स्थल पर जन्म दिन के अवसर पर पौधा लगाने का अभियान छःसाल पहले शुरू किया गया एक छोटा सा प्रयास अब महाअभियान के रूप में चर्चित हो गया है। इस स्थल पर पौधरोपण करने व पौधों के रोपण मे शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, दुर्ग सांसद विजय बघेल, भाजपा जिला अध्यक्ष जितेन्द्र वर्मा, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक दुर्ग जवाहर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय बघेल, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष उमाकांत चंद्राकर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, पुरुषोत्तम तिवारी, जिला पंचायत सदस्य हर्षा लोकमणी चंद्राकर सहित कार्यकर्ता, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, किसान ग्रामीण सभी ने अपने जन्मदिन पर पौधे लगाया या पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुआ है ।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पतोरा में हर्षोल्लास से मनाया कबीर प्रकट उत्सव, युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई



सद्गुरु कबीर साहब के प्रकट दिवस के पावन अवसर पर ग्राम पतोरा में केवीडी मिशन के तत्वावधान में कबीर प्रकटोत्सव पर्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कबीर साहेब की आरती से की गई। इसके उपरांत ग्राम की मातृशक्ति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो शीतला मंदिर से प्रारंभ होकर गांव की गलियों से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर सम्पन्न हुई।

दोपहर के समय भजन-कीर्तन एवं सत्संग का आयोजन बी.आर. साहू एवं उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। तत्पश्चात महंत श्याम सुंदर दास मानिकचौरी वाले द्वारा आध्यात्मिक प्रवचन दिया गया। आज के कार्यक्रम में शामिल हुए सन्त बैसाखू साहेब, देवेन्द्र साहेब, टिकेन्द्र साहेब, खिलावन साहेब, महंत योगेंद्र दास साहेब, भावेश साहेब, महंत श्याम दास साहेब जिनके कर कमलों से चौका आरती सम्पन्न कराई गई। इस अवसर पर ग्राम के 135 परिवारों ने श्रद्धापूर्वक अपनी मनोकामनाओं के लिए चौका आरती कराई।

- ग्राम के 135 परिवारों ने श्रद्धापूर्वक अपनी मनोकामनाओं के लिए चौका आरती कराई

यह ग्राम पतोरा में लगातार दूसरा वर्ष है जब कबीर प्रकटोत्सव का आयोजन किया गया। विशेष अतिथि सांसद दुर्ग लोकसभा विजय बघेल के प्रतिनिधि के रूप में राजेश चंद्राकर के द्वारा कबीर पंथ के बारे में कहा गया कि साहेब कबीर के मानने वाले सभी जाति के है उनके द्वारा कबीर कुठि के मांग को जल्द पूरी करने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें आँखों से संबंधित विभिन्न रोगों की जांच की गई। साथ ही रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कबीरपंथी युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

रक्तदान शिविर में शशिभूषण साहू अध्यक्ष ने सर्वप्रथम रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में संयोजक सुकेश्वर साहू, उपाध्यक्ष कौशल साहू, सावित्री साहू, कोषाध्यक्ष सुदर्शन साहू, सरपंच भुनेश्वर साहू, उपसरपंच देवचरण कौशल, राजेन्द्र वर्मा, ग्राम पटेल करण साहू आदि उपस्थित थे।

## जामगांव आर में योग प्रशिक्षकों की हुई बैठक में की गई चर्चा

# योग को संस्कार व विचार क्रांति का जनव्यापी माध्यम बनाकर संवारें जीवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



विश्व योग दिवस 21 जून के तारतम्य जामगांव आर में योग प्रेमियों की बैठक बुधवार को आहुत की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ. सीएल सोनवानी, आसकरण जैन, समाज कल्याण विभाग अधिकारी आरके ठाकुर, प्राचार्य चेतना ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अंतराष्ट्रीय योग स्पर्धा में सफल शिष्य देने वाले निःशुल्क गुरु तुलाराम वर्मा, योग मोटीवेटर डॉ. गुलाब साहू, रामावतार चंद्राकर, बेनीराम साहू आदि बैठक में भाग लिए। विश्व योग दिवस 21 जून पर योग को जनव्यापी बनाने विचार विमर्श हुआ।

छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ. सीएल सोनवानी जामगांव आर में योग प्रशिक्षकों की बुधवार बैठक लेकर आव्हान किया कि संस्कार और विचार के गिरते स्तर को सकारात्मक दिशा देने योग की भूमिका को महती बनाए। उन्होंने कहा कि एक्सीडेंट होने के बाद योग के कारण ही मेरी जिंदगी सवर गई। अस्वस्थ व्यक्ति चिंता करता है लेकिन व्यक्ति स्वस्थ रहे तो वह चिंतन करने लायक बन जाता है। जग जाहिर है योग व्यक्ति को स्वस्थ रखने में महती भूमिका निभाता है ।डॉ सोनवानी ने प्रभावी प्रेरणा देते हुए कहा कि योग को संस्कार और विचार क्रांति का जनव्यापी माध्यम बनाने में प्रशिक्षक अपनी भूमिका साबित अवश्य करे। पंच तत्व से बने शरीर को योग से जोड़े रोम रोम निखर जाएगी।

छत्तीसगढ़ योग आयोग मार्गदर्शक मंडल सदस्य आसकरण जैन ने कहा कि योग तन को स्वस्थ बनाकर मन को सकारात्मक दिशा देता है और चिंतन के लिए पुष्ट मन अपनी और जन चेतना जगाने में सार्थक जीवन दायनी भूमिका निभाता है।सतत योग करने वालो की कार्य शैली समाज घर परिवार में स्वास्थ का कीर्तिमान स्थापित करती है। जो योग नहीं कर पाने वालों के लिए प्रेरणादाई है। जीवन को सार्थक बनाए । आने वाली पीढ़ी को योग का खजाना विरासत में अवश्य दे।

### योग प्रकृति से जोड़ता है

अंतराष्ट्रीय योग स्पर्धा के लिए निःशुल्क शिष्य तैयार करने वाले 75 वर्षीय समाजसेवी योग गुरु तुलाराम वर्मा को मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वर्मा ने कहा कि नियमित अभ्यास से योग व्यक्ति को आदर्श जीवन का उपहार देता है। योग प्रकृति से जोड़ता है जीवन में सकारात्मकता का संचार करता है। हरिद्वार से प्रशिक्षण प्राप्त योग प्रशिक्षक रामावतार चंद्राकर ने शरीर के कुशल संचालन में योग महती भूमिका निभाता है। योग मर्मज्ञ डॉ गुलाब साहू ने कहा कि योग जीवन को ऊर्जा देता है। ऊर्जावान व्यक्ति की कार्यशैली प्रेरणादाई होती है। संचालन व्यवस्थापक एके जैन आभार अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू ने किया।

**खबर संक्षेप**

### हाई सिक्योरिटी नंबर के लिए शिविर 5 से 8 तक

**दुर्ग।** हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर के लिए शिविर का आयोजन 5 एवं 6 जून को इस्पात क्लब सेक्टर 4 भिलाई और 7 एवं 8 जून को इस्पात क्लब सेक्टर 7 भिलाई में आयोजित की गई है। उक्त प्रस्तावित शिविर में अपने वाहन का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड के साथ उपस्थित होकर निर्धारित शुल्क जमा कर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट हेतु आर्डर किया जा सकता है। उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश के पालन में छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 के पूर्व के वाहनों में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रीकरण चिन्ह लगाया जाना अनिवार्य किया गया है। शिविर स्थल में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाये जाने की कार्यवाही संबंधित कंपनी के कर्मचारी उपस्थित रहकर करेंगे।

### जेम पोर्टल से खरीदी के लिए प्रशिक्षण आज व कल

**दुर्ग।** राज्य शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम पोर्टल से किया जाना आवश्यक है। इसी परिक्षेप्य में दुर्ग संभाग स्तरीय प्रशिक्षण 5 एवं 6 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से लोक निर्माण विभाग कार्यालय के सभागार में आयोजित है। उक्त प्रशिक्षण में समस्त विभाग के अधिकारी अथवा लेखा कार्य से संबंधित कर्मचारी को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

### महमरा में मनाया गया दाई बाबू दिवस



**दुर्ग।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय गैर संचारी रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम अंतर्गत दाई- बबा दिवस 04 जून 2025 को आयुषमान आरोग्य मंदिर महमरा में आयोजित किया गया। जिसका थीम ₹हमारे बुजुर्ग, हमारी धरोहर ₹ में आए हुए गांव के वरिष्ठजनों का बी. पी, शुगर इत्यादि जॉच किया गया साथ साथ उनका स्वागत गुलाल, फूल, श्रीफल भेंट देकर किया गया। जिसमें ग्राम से नर्मदा ठाकुर सरपंच, केवल निषाद , उपसरपंच सभी उपस्थित रहें।

# शिविर में आए आवेदनों को निराकरण के बजाय अफसर कर रहे फारवर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सुशासन तिहार में मिले आवेदनों का निराकरण करने के बजाय अफसर इसे दूसरे विभाग में भेजकर इतिश्री कर रहे है। टीएल की बैठक में कलेक्टर अभिजित सिंह ने इस प्रकरण को लेकर विभाग प्रमुखों पर नाराजगी जताई है। उन्होने ऐसे में विभाग प्रमुख पर नजर रखने डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को निगरानी करने और रिपोर्ट देने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने समय-सीमा लंबित आवेदनों के विभागवार गहन समीक्षा की और अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री अन्य पत्र, कलेक्टर जनदर्शन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन (वेब) पोर्टल, पीजीएन (पोस्ट) और सारथी पोर्टल में लंबित आवेदनों पर असंतोष व्यक्त करते हुए तीन माह व एक वर्ष तक के लंबित आवेदनों के निराकरण पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्हाने विभागों द्वारा आवेदन निराकृत करने के बदले दूसरे विभाग को आवेदन फार्वड करने पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने पर्यावरण दिवस पर 5 जून को सभी विभागों द्वारा वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण कराने के निर्देश दिये। वन विभाग से पौधे प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर ने विभागों में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों की जानकारी ली। उन्हांने कहा कि अनाधिकृत रूप से विभाग में अनुपस्थित कर्मचारी के विरूद्ध सक्षम अधिकारी कड़ी कार्यवाही करें।

## बंद योजनाओं के खाते बंद नहीं होने पर वित्तीय अनियमितता पर कार्रवाई

### बंद योजनाओं का खाता भी करे बंद

कलेक्टर ने कहा यदि विभाग द्वारा संचालित योजना बंद हो गई है और बैंक खाते बंद नहीं होने पर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध वित्तीय अनियमितता संबंधित कड़ी कार्यवाही होगी। डीईओ को स्कूल खुलने पर स्कूलों में आधार अपडेशन शिविर आयोजित करने के निर्देश दिये। डीएमसी को स्वीकृत निर्माण कार्यों की स्वीकृति संबंधित निर्माण एजेंसियों को उपलब्ध कराने कहा। विद्यार्थी दुर्घटना बीमा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। आंगनबाड़ी केन्द्रों में कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्ती में विलम्ब होने पर नाराजगी व्यक्त की। सभी शासकीय कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाये जाएंगे। कलेक्टर ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिये गये निर्णय से अवगत



### केनाल में कब्जे पर कार्रवाई के निर्देश

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों में केनाल से अवैध कब्जे हटाने की कार्यवाही करने कहा। कलेक्टर ने कहा विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी, कर्मचारियों की पेंशन प्रकरण की समय पर निराकृत हो, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की भी समीक्षा की गई। योजना अंतर्गत जिले के चयनित विकासखण्ड धमधा के ग्राम नवागांव, सिरनाभांठा और सेमरिया एवं विकासखण्ड पाटन के ग्राम अकतई में संबंधित विभाग को गैप फिलिंग करने हेतु निर्देशित किया। इस योजना में 17 विभागों के 25 गतिविधियां जैसे पक्के घर, पक्की सड़के, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, बिजली की उपलब्धता, मोबाईल नेटवर्क, चिकित्सा सुविधा, एलपीजी कनेक्शन, आंगनबाड़ी केन्द्र स्थापना, छात्रावास निर्माण इत्यादि शामिल है। कलेक्टर ने अगवत कराया कि जिले में बाल विवाह मुक्त गांव भी घोषित किया जाना है।

**विडंबना : जिले में बनाई गई तीन नई तहसील, भर्ती नहीं करने से काम का दबाव**

# अहिवारा में नहीं तहसीलदार, नायब तहसीलदार के भरोसे चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

एकतरफ जहां राज्य शासन द्वारा राजस्व से संबंधित कार्यो में तेजी लाने नित नए प्रयोग कर रही है, वही दूसरी तरफ तहसीलों में बाबू से लेकर कई जिम्मेदार पदों में भर्ती नही किए जाने से फाइल आगे नही खिसक रही है। जिले में अहिवारा, बोरी और भिलाई तीन तहसील खुलने के बाद भी यहां पदों की भर्ती नही की गई है। हालात यह है कि, मुख्यायल के कर्मचारियों का संलग्नीकरण कर काम चलाया जा रहा है। हद तब हो गई है, तब अहिवारा तहसील में एक भी तहसीलदार नही है। यहां नायब तहसीलदार को प्रभार देकर रखा गया है।

जानकारी अनुसार अहिवारा, बोरी और भिलाई तीन में मूलभूत आवश्यकताओं की भी कमी है। जिसे पूरा करने पूर्व तीस लाख रूपए का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा गया था। जिले में दुर्ग, पाटन व धमधा तहसील के आलावा भिलाई तीन, बोरी और अहिवारा नए तहसील खुल गए है। इन नए तहसीलों में स्टाफ की कमी का दंश बडे राजस्व अधिकारी झेल रहे है। जिले में आठ हजार से अधिक राजस्व के प्रकरण लंबित है। पिछले चार सालों से पेडिंग प्रकरणों की स्थिति जस के तस बनी हुई है। तहसील कार्यालय में प्रकरण तैयार करने वाले बाबूओं की कमी बनी हुई है। प्रकरण दर्ज होने के कारण तहसील कोर्ट तक प्रकरण नही जा पा रहे है। स्टाफ की कमी से जूझ रहे तहसीलदारों को जहां राजस्व के लंबित प्रकरणों को उच्च अधिकारी खरी खोटी सुनाते है, तो वहीं तहसीलदारों को कोर्ट के आलावा प्रोटोकाल, विभागीय शिविर व आयोजनों की जिम्मेदारी दे दी जाती है। जबकि तहसीलों में स्टाफ के आलावा संसाधनों की भी बडी कमी बनी हुई है। मैन पावर की कमी से जूझ रहे तहसीलों में पिछले लंबे से स्टाफ की भर्ती नही किए जाने से स्थिति खस्ताहाल तरीके से चल रहा है। कुल मिलाकर इस अव्यवस्था के शिकार आम जनता हो रही है। फरियादों के प्रकरण लगने के बाद भी उन्हे फैसला सुनाने के बजाय दफ्तरों में फाइल घुमती नजर आती हैं और मिलती हैं तो सिर्फ तारीख हैं।

## तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा राजस्व महकमा

**खास बातें**

- तृतीय व चतुर्थ के 159 पद स्वीकृत, इसमें 90 पद खाली
- मानव संसाधन की कमी से नही सुलझ रहे पेडिंग प्रकरण



### अहिवारा में तहसीलदार ही नहीं

नए तहसील अहिवारा में तहसीलदार के एक पद हैं, लेकिन यहां तहसीलदार ही नही हैं। यहां चतुर्थ श्रेणी के भी कर्मचारी नही है। यहां नायब तहसीलदार के दो पद में दो है, वहीं सहायक ग्रेड दो में एक भी नही है। कानूनगों में ग्रेड दो एक पद में एक भी नहीं, नायब नाजिर ग्रेड दो और वासिल वाकी नवीस ग्रेड दो दोनो खाली है। सहायक नायब नाजिर ग्रेड तीन, सहायक कानूनगों ग्रेड तीन, स्टोनोटाइपिस्ट, वाहन चालक, मालजमादार, प्रोसेस सर्वर, भृत्य, फर्रास के पूरे पद खाली है।

### राजस्व विभाग में 90 पदों की भर्ती नहीं

जानकारी अनुसार दुर्ग जिले के राजस्व महकमे में चौकीदार तक नही है, जबकि महत्वपूर्ण दस्तावेजों की निगरानी बेहद जरूरी है। इसमें सहायक ग्रेड तीन 32, स्टेनोटायपिस्ट 6, वाहन चालक 9, भृत्य 20, प्रोसेस सर्वर 7, चौकीदार सात में सात पद खाली, फर्रास 5 में पांच खाली, स्वीपर 1, स्वीपर 4 (कलेक्टर दर) पद रिक्त है। इस तरह 150 स्वीकृत पद में सिर्फ 72 पद भरे गए है, वही 78 पद खाली है। इन सभी पदों को सीधी भर्ती किय जाना है, लेकिन शासन कोई कार्यवाही नही कर रही है।

### धमधा अनुभाग में 70 फीसदी स्टाफ की कमी

जानकारी अनुसार धमधा तहसील में ज्यादातर दुर्ग के कर्मचारियों को संलग्नीकरण किया गया है। यहां वर्तमान में पचास फीसदी कर्मचारी की कमी हैं। वर्ष 2025 में दो दर्जन कर्मचारी सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में यहां 70 फीसदी कर्मचारी की कमी हो जाएगी। अनुभाग धमधा को लेकर तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य शासन को रिक्त पदों पर भर्ती करने पत्र भी लिखा था।

### तहसीलदार के लिए वाहन चालक तक नहीं

जिला मुख्यालय स्थित दुर्ग तहसील में सहायक ग्रेड तीन के पांच पद में तीन पदस्थ है। वहीं स्टेनोटाइपिस्ट, वाहन चालक, माल जमादार, प्रोसेस सर्वर एक भी नही है। इसी तरह भृत्य के चार में दो पद भरे है, वहीं फर्रास व चौकीदार नही है। हालात यह है कि, वाहन चालक नही होने से तहसीलदार का वाहन कंडम हो गया है। तहसीलदारों को निजी खर्च से व्यवस्था करनी पड रही है। जिसका सीधा असर आम लोगों के कार्यो पर पड रहा है।

**ढाबों में परोस रहे शराब**

# आबकारी ने पकड़ी मध्यप्रदेश की विदेशी शराब, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

आबकारी विभाग ने 3 जून 2025 को अन्य राज्य की अवैध शराब के विक्रय एवं धारण की सूचना प्राप्त होने पर आबकारी टीम ने कार्यवाही कर आरोप को पकडा है। आरोपी द्वारा मध्यप्रदेश की शराब को ढाबा में खपाई जा रही थी।

- जिले में तेजी से खप रहा पडौसी राज्य का शराब

ग्राम नगपुरा थाना पुलगांव पहुंचकर आरोपी भरत भूषण टण्डन निवासी पुरानी बस्ती सुपेला के हाल मुकाम मोर ढाबा, ग्राम नगपुरा की विधिवत तलाशी लेने में तलाशी में आरोपी के कब्जे से मध्य प्रदेश राज्य की 2 बोतल रॉयल स्टैग व्हिस्की, 3 बोतल मेक्डावल नम्बर वन व्हिस्की, 12 अद्धी मेक्डावल नम्बर वन अद्धी व्हिस्की, 12 पाव मेक्डावल नम्बर वन व्हिस्की, 10 पाव रॉयलस्टैग व्हिस्की, 60 पाव गोवा व्हिस्की। इस प्रकार कुल 99 शीशियों में भरा कुल 23.01 बल्क लीटर विदेशी मदिरा व्हिस्की जप्त किया गया। जप्त मदिरा का बाजार मूल्य 20100 रूपये है।

### आरोपी को भेजा गया जेल

मौके पर आरोपी के कब्जे से अत्यधिक मात्रा में विदेशी शराब पाए जाने एवं आरोपी द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) का उल्लघंन किये जाने पर आरोपी के विरूद्ध विधिवत प्ररकण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। इस प्रकरण की विवेचना आबकारी उप निरीक्षक हरीश पटेल द्वारा की जा रही है। इस प्रकरण में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुप्रिया शर्मा, धीरज कन्नौजिया, पंकज कुजूर आबकारी उप निरीक्षक प्रियंक ठाकुर, भूपेंद्र नेताम, आरक्षक संदीप तिर्की, देवप्रसाद पटेल एवं खुलदीप यादव का विशेष योगदान रहा।

# महाराजा चौक से प्रगति मैदान होते हुए बोरसी तक निकलेगी साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार एक पेड़ मां के नाम से पर्यावरण एवं पृथ्वी के प्रति जागरूकता एवं संरक्षण हेतु 5 जून को प्रातः 7 बजे मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पांडेय, अध्यक्षता विधायक गजेंद्र यादव, विशिष्ट अतिथि महापौर अलका बाघमार द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, सभापति श्याम शर्मा व प्रभारी काशीराम कोसरे, समस्त एमआईसी सदस्य, पार्षदो की उपस्थिति में महाराजा चौक से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। ये रैली महाराजा चौक से लेकर प्रगति मैदान बोरसी तक सायकल के माध्यम से पर्यावरण और धरती मां को संरक्षित करने रैली निकाली जाएगी। सायकिल रैली के बाद प्रगति मैदान में बड़े तादात पर कार्यक्रम में शामिल अतिथियों जिला प्रशासन, निगम अधिकारियों एवं आम जन द्वारा वृक्षारोपण का कार्यक्रम का आयोजित किया गया है।

- पर्यावरण को संरक्षित करने प्रेरित करने होगें एकजूट

### पौधारोपण कार्यक्रम स्थल

प्रगति मैदान वार्ड न. 50, बोरसी समयः प्रातः 7 बजे साईकल रैली एवं वृक्षारोपण करने के बाद हरियाली युक्त शहर के उद्देश्य सेबच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से रचनात्मकता भाग लिया। इसमें विजेता बच्चो को पर्यावरण दिवस के दिन प्रगति मैदान पर अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया जाएगा। एक पेड़ मां के नाम अभियान से जीवन में हर किसी को एक पेड़ लगाकर बड़े होने तक देखभाल के लिए प्रेरित किया जाएगा।

# जल परिसर में बांटा जा रहा पौधा



**दुर्ग।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इस वर्ष भी भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व राज्यसभा सांसद सरोज पाण्डेय द्वारा उनके जल परिसर, दुर्ग स्थित कार्यालय में पर्यावरण दिवस के अवसर पर आमजन को वृक्षारोपण हेतु पौधा उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण की सुरक्षा एवं संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे कार्य में आमजनों से निवेदन किया है, कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने एवं प्रदूषण से बचाए रखने हेतु पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण करना बहुत आवश्यक है। हमारे आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व हराभरा प्राकृति प्रदान करना हमारा कर्तव्य ही नहीं जिम्मेदारी है। उनके कार्यालय जल परिसर, दुर्ग से 5 जून 2025 को सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक प्राप्त कर सकते हैं। जिसकी शुरुवात करते हुए आज दुर्ग भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक एवं अन्य प्रबुद्धजन ने वृक्षारोपण हेतु पौधा प्राप्त किया।

# प्रदेश में एजुकेशन पिछड़ा, फिर भी शासकीय स्कूलों को बंद करने का निर्णय अविवेकपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश इकाई के अध्यक्ष श्याम टंडन के दिशा निर्देश अनुसार पूरे छत्तीसगढ़ के साथ दुर्ग जिले में भी बहुजन समाज पार्टी दुर्ग जिला इकाई के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल का नाम 3 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

- तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जो नई शिक्षा नीति के तहत शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के नाम पर लिए गए निर्णय के तहत प्रदेश के 10,463 शासकीय विद्यालयों को बंद करने का जो आदेश जारी किया गया है। वह न केवल अविवेकपूर्ण है बल्कि प्रदेश की सामाजिक शैक्षिक संरचना को गहराई से प्रभावित करने वाला निर्णय है, जो कि छत्तीसगढ़ राज्य पहले से ही शिक्षा के क्षेत्र में देश के सबसे पिछड़े राज्यों में गिना जाता है। ऐसे में इस प्रकार का निर्णय प्रदेश के अनूसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, व सर्व समाज के गरीब तबके के बच्चे की शिक्षा व्यवस्था को पूरी तरह से ध्वस्त कर देगा ये वे वर्ग से है जो वर्षो से शिक्षा से वंचित रहे हैं और जिनके लिए सरकारी विद्यालय ही शिक्षा का एकमात्र माध्यम है। इससे शिक्षक वर्ग में असमंजसता बेरोजगारी बढ़ेगी और शिक्षा के निजीकरण को बढ़ावा देगी तथा राज्य सरकार के यह निर्णय भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 ए का उल्लंघन है, तत्काल इसे रोके जाने की मांग की है। तथा उन्होंने कहा कि 10 जून को को बलौदा बाजार कांड में घटित दुर्भाग्यपूर्ण घटना में सतनामी समाज के कई निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमे में फंसाकर जबरन गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि उनका किसी प्रकार का कोई दोष सिद्ध नहीं हुआ है। तत्काल जांच करवाकर निर्दोष लोगों को रिहा किया जाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के वर्तमान सरकार द्वारा चुनाव के समय घोषणा किया गया था कि रबी की फसल को सोसायटी में समर्थन मूल्य पर खरीदेंगे, उन्होने 3100 समर्थन मूल्य में खरीदने की मांग की है। इस दौरान लोकेश महिलवार, संतु प्रसाद यादव, बंटी चौरे, देवा आनंद कुंभकार, सचिन गवई, मुकेश महिलागे, हीरा लाल टंडन, संतोष बंजारे, संतराम भारती, एलडी मासुलकर, जितेंद्र रंगारी, गोपी साहू आदि शामिल थे।



### शिमा महफिल कार्यक्रम आज

**दुर्ग।** हजरत बाबा सैयद अब्दुल रहमान शाह काबुली रहमतुल्ला अलेह पुराना बस स्टैंड के दरगाह में 5 जून को शाम 6 से रात 9 तक शिमा महफिल होगी, जिसमें शारीक अली मन्नी एंड पार्टी व शाहिद-आरिफ एंड पार्टी नातिया कलाम पेश करेंगे। यह जानकारी महासचिव रऊफ कुरैशी ने लोगों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।

## शिविर में 70 से अधिक लोगों ने लगाए हाई सिक्योरिटी नंबर

**दुर्ग।** श्री महावीर जैन श्वेतांबर सेवा समिति जिला परिवहन विभाग दुर्ग के सहयोग से जैन सामाज एवं व्यापारिक बन्धुओं के लिए दो दिवसीय लर्निंग लाइसेंस एवं एचएस आरपी नंबर प्लेट शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के पीछे महावीर भवन में आयोजित किया गया। बड़ी संख्या में लोगों ने आकर इस शिविर में जानकारी ली तथा 57 लर्निंग लाइसेंस बनाए गए 70 एचएसआरपी नम्बर प्लेट तथा बहुत से लोगों का आरसी बुक में नम्बर अपडेट किया गया। दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव के विशेष प्रयासों से जिला परिवहन विभाग के एसएस लकड़ा परिवहन अधिकारी के मार्गदर्शन में इस सफल शिविर का संयोजन किया गया। सुभाष बंजारे, रिंकू प्रसाद पाण्डेय रवि निर्मलकर धर्मेंद्र देवांगन रिंकू दिनेश मारोठी प्रकाश देशलहरा अनूप गटागट निर्मल बोथरा राजेन्द्र मारोठी बसंत गोगड़ भंवर लाल पारख का इस शिविर के आयोजन में उत्कृष्ट सहयोग रहा। आयोजन समिति की ओर से शिविर में सेवा देने वाले सदस्यों का भी श्रीफल एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

**तरिया से ताल की ओर कदम ताल करती एकेडमी**

# वर्ल्ड रिकार्ड में शुमार हो चुके पुरई के तैराक, दे रहे तालीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग/पुरई

ग्राम पुरई के जांबाज युवाओं में इनका पहले नाम आता है, तैराकी के राष्ट्रीय कोच व वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराने वाले हौसलेबाज ओमकुमार ओझा का, जिन्होंने अपनी लगन व मेहनत और जज्बे से साधनविहीन स्थितियों से जूझकर ऐसे प्रतिभावान तैराक पैदा किए, जो आज राष्ट्रीय तैराकी के आकाश में तारे की तरह जगमगा रहे हैं। यही वजह है, कि तैराकी की दुनिया में ग्राम पुरई ऐसा परचम लहरा रहा है, जो देश दुनिया के लिए एक मिसाल बन गया है और छत्तीसगढ़ का गौरव भी इसी छोटे से खेल ग्राम पुरई के डोंगिया तालाब में नहाते नहाते ओमकुमार ओझा सपनो की दुनिया में तैरने लगे और उस सपने ने ऐसी करवट ली कि, पानी की दुनिया पानी पानी हो गई। धीरे धीरे अपने गुर को निखारते हुए किशोर युवाओं की ऐसी टीम खड़ी की जिन्होंने तैराकी की दुनिया में इतिहास रच दिया। आज उनके मार्गदर्शन में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने वाले ईश्वर ओझा छह घंटे और चंद्रकला ओझा, तनुश्री कोसरे आठ घंटे तैरने का विश्वरिकार्ड बना चुके हैं।

- 8 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी व अन्य खिताब शामिल

### एकेडमी चुनौती के लिए है तैयार

ओमकुमार ओझा के मार्गदर्शन में 8 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी और कई उपलब्धियां हासिल की है। आज स्थिति यह है, कि एकेडमी के तैराक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी की भी चुनौतियां देने के लिए तैयार है। जिसके लिए गांव में अंतर्राष्ट्रीय स्विमिंग पुल बनाने की मांग को लेकर अग्रसर है। गत दिनों क्षेत्र के सांसद विजय बघेल और क्षेत्रिय विधायक ललित चंद्राकर की मौजूदगी में स्विमिंगपूल निर्माण का शिलान्यास उपस्थित जनप्रतिनिधि समाज सेवी खेल प्रेमी और ग्रामवासियों द्वारा किया गया।



### तैराकों को दे रहे प्रशिक्षण

कोच ओमकुमार ओझा ने बताया कि, तैराकी केवल एक खेल नहीं अपितु जीवन से जुड़ी हुई विद्या है। स्वयं की मांग है, कि हर बच्चे को तैराकी आनी चाहिए। इसके साथ साथ इसे कैरियर का एक हिस्सा भी बनाया जा सकता है। आज एकेडमी के सदस्य छत्तीसगढ़ व उसके बाहर जाकर लोगों को तैराकी का प्रशिक्षण भी दे रहे है। उन्होने बताया कि, स्वीमिंग पुल में अंतराष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिलने से कई खिलाडी गांव से निखरकर देश व विदेशों में अपने धमक दिखाएंगे।



## खबर संक्षेप

### खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह आज

**भिलाई।** बीएसपी द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर समापन समारोह गुरुवार को होगा पंत स्टेडियम में होगा। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय मुख्य अतिथि हैं। 15 मई से 5 जून तक ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के दौरान 25 खेल परिसरों में प्रशिक्षकों (कोच) द्वारा 2600 बच्चों को 23 विभिन्न खेलों में प्रशिक्षित किया गया।

### तीन वर्गों में होगी अंतर्विभागीय प्रतियोगिता

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वावधान में क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा 24 से 28 जून तक अंतर्विभागीय संगीत (गायन) प्रतियोगिता का आयोजन महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में किया जा रहा है। संयंत्रकर्मी व उनके पति/पत्नी के लिये तीन वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता में हिंदी वर्ग (महिला व पुरुष), गैर हिंदी वर्ग (महिला व पुरुष) एवं युगल गायन वर्ग शामिल है। हिंदी व गैर हिंदी भाषा की प्रतियोगिता दो अलग–अलग वर्गों में होगी। गैर हिंदी वर्ग में हिंदी के अतिरिक्त किसी भी भाषा (छत्तीसगढ़ी, तेलगु, तमिल, बंगला, मराठी, गुजराती, पंजाबी, उड़िया, भोजपुरी, मलयालम, राजस्थानी आदि) के गीत गाये जा सकते है। प्रत्येक वर्ग में कम से कम 6 प्रतिभागियों का होना अनिवार्य है । प्रतियोगिता में हिंदी वर्ग (महिला व पुरुष), गैर हिंदी वर्ग युगल गायन वर्ग के कुल 5 वर्गों में से प्रतिभागी केवल दो वर्गों में ही भाग ले सकता हैं। प्रवेश की अंतिम तारीख 21 जून है। इच्छुक प्रतिभागी संबंधित जानकारी के लिए क्रीड़ा, सांस्कृतिक और नागरिक सुविधाएँ विभाग के कर्मचारी प्रभंजय चतुर्वेदी से संपर्क कर सकते हैं।

### पर्यावरण दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को इस्पातनगरी में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। थीम "प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें–बीट प्लास्टिक पाल्यूशन है । बीएसपी कर्मचारी सुबह 7 बजे रैली में भाग लेंगे। रैली इस्पात भवन से प्रारंभ होकर इक्विपमेंट चौक से होते व एचआरडी केंद्र में समाप्त होगी। इसके अलावा पर्यावरणीय गतिविधियों के तहत नगर सेवाएँ विभाग के उद्यानिकी अनुभाग द्वारा सीमा सुरक्षा बल के साथ मिलकर सेक्टर–8 में विभिन्न प्रजातियों के 5 सौ पौधों का रोपण किया जायेगा। कार्यक्रम में बीएसपी अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित स्कूली विद्यार्थी व नागरिक भाग लेंगे। पर्यावरण दिवस के तहत पूरे जून माह में बीट प्लास्टिक पाल्यूशन थीम पर आधारित निबंध लेखन, चित्रकला, स्लोगन प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता व क्विज आदि प्रतियोगिताएं होंगी।

सिंटर प्लांट–2 में वेस्ट टू यूटिलाइजेशन क्षेत्र में 150 पौधे रोपित किये जायेंगे। सिविक सेंटर क्षेत्र के शराब दुकानों, के पास प्लास्टिक कचरों की सफाई अभियान चलाया जाएगा। पीएचडी विभाग द्वारा पालीथीन हटाओ अभियान में व्यवसायियों को जागरुक किया जाएगा। इंस्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स भिलाई लोकल सेंटर द्वारा इंजीनियर्स भवन में पर्यावरण दिवस का आयोजन ईडी बीके गिरी के मुख्य आतिथ्य में होगा।

# छह सूत्रीय मांगों को लेकर निकाय संघ ने निकाली महारैली

## मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ तथा निर्माणी मजदूर संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ ने प्रदेश के निकायों में व्याप्त अधिकारी व कर्मचारियों की समस्याओं का मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर दुर्ग को रैली निकाल कर सौंपा।

महासंघ के प्रदेश महामंत्री शरद दुबे ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश के नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायत में कार्यरत अधिकारी कर्मचारियों की छः सूत्रीय मांग रखी गई। जिसमें प्रदेश के निकायों में शेष बचे दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को शीघ्र नियमित किया जाये। ठेकेदारी प्रथा को बंद कर नगरीय निकायों में राशि का दुरुपयोग को समाप्त करते हुए प्लेसमेंट कर्मचारियों का कलेक्टर दर पर वेतन भुगतान के साथ-साथ हरियाणा गवर्नमेंट की तर्ज पर नियमित करने की कार्रवाई की जाए। स्वच्छता दीदी को फरवरी 2025 के निर्देशानुसार साप्ताहिक अवकाश प्रदान करते हुए न्यूनतम वेतन सहित अन्य सुविधा का लाभ प्रदान किया जावे तथा निष्ठा एप में आश्यक सुधार किया जावें। निकाय में बेगारी प्रथा समाप्त किया जाए और नियमित रूप से प्रतिमाह शासन द्वारा निर्धारित तिथि 1 को वेतन भुगतान हो। वर्षो से एक ही पद पर कार्यरत अधिकारी कर्मचारी को पदोन्नति का लाभ दिया जावें तथा एकांगी पदो पर नियुक्त कर्मचारियों का पदोन्नति चेनल निर्धारित किया जाकर पदोन्नति का लाभ मिले । निकाय में पुराना पेंशन योजना लागू करें। रैली में महासंघ के गोपाल सिन्हा अनिल सिंह, रीता चतुर्वेदी, रामवृक्ष यादव, विष्ण चन्द्राकर, कृष्णा देशमुख, विवेक रंगनाथ,नलनीश मिश्रा संजय मिश्रा, ईश्वर वर्मा, शशिकान्त यादव, राजू बक्सी, शशि भूषण मोहंती, संतोष पाण्डेय,रोहित बंजारे, विश्वजीत सेन गुप्ता, संजीव तिवारी,दुर्ग जिले भारतीय मजदूर संघ से जिला मंत्री हरिशंकर चतुर्वेदी,यशवंतराव, वाल्मिकी सिंह, देवेन्द्र




## बीएसपी के पर्यावरणप्रेमियों ने कबाड़ और उपेक्षित डंप यार्ड को हरेभरे उद्यान में बदला

# हरित जागरुकता की मिसाल बनी सिंटर प्लांट की हरियाली

विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष

## डी-कार्बोनाइजेशन के दीर्घ लक्ष्य की ओर बढ़ रहा बीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र का सिंटर प्लांट-3 (एसपी–3) आज एक प्रभावशाली पर्यावरणीय परिवर्तन का साक्षी बन रहा है। कभी धूल–धक्कड़ और भारी उद्योग की पहचान वाला यह संयंत्र अब हरित सोच और सांस्कृतिक जागरुकता की दिशा में अग्रसर है। यहां हो रहे परिवर्तन औद्योगिक उत्कृष्टता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व एक–दूसरे के विकल्प नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं की सोच की मिसाल हैं।

एसपी- 3 के अंदर बनाए गए हरित, विषयगत उद्यान हैं। ये केवल सौंदर्यीकरण के प्रयास नहीं, बल्कि संयंत्र की गहरी पर्यावरणीय चेतना के प्रतीक हैं। पर्यावरण प्रबंधन विभाग के सहयोग से संयंत्र ने कबाड़ और उपेक्षित क्षेत्रों को पुनः प्राप्त कर उन्हें जीवंत और उद्देश्यपूर्ण हरित स्थलों में बदल दिया है।बकुल उद्यान, जहां कर्मचारी शांति और स्वच्छ वायु के साथ पर्यावरण जागरुकता की प्रेरणा देते है। शराफत बाग और अंजनाद्रि जैसे स्थल संयंत्र की विरासत और भावनात्मक सततता के प्रतीक बन चुके हैं।एसपी–3 की हरित सोच को एक उपेक्षित डंप यार्ड का कायाकल्प, जिसे अब एक थीम आधारित उद्यान के रूप में विश्व पर्यावरण दिवस पर लोकार्पित किया जाएगा। यह 'वेस्ट टू वंडर' पहल संयंत्र की उस बदलती सोच को दर्शाती है, जहां सततता केवल नीति नहीं बल्कि व्यवहार बन चुकी है।



### इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसी पिटेटर

यहां मटेरियल क्रशिंग सेक्शन में एक नया इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर स्थापित किया जा रहा है। डिस्पैच मार्गों पर उन्नत धूल दमन प्रणालियां लगाई जा रही हैं। मशीन–2 में पीडी ईएसपी संरचना का संयंत्र द्वारा आंतरिक रूप से किया गया पुनरूडिजाइन, जिससे रखरखाव सरल हुआ है और संचालन अधिक स्थिर बना है।

### ऊर्जा संरक्षण में ठोस कदम

एसपी–3 ने ऊर्जा दक्षता को भी अपनी हरित सोच के केंद्र में रखा है। बेहतर संचालन योजना के माध्यम से उपकरणों के अनावश्यक संचालन को रोका गया है। इससे प्रति इकाई ऊर्जा खपत लक्ष्य से नीचे आ गई है। पुराने मोटरों की जगह अब आईइ3 और आईइ4 श्रेणी के उच्च दक्षता वाले मोटर लगाए जा रहे हैं। एसपी-3 को प्रशासनिक भवनों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित करने की पायलट परियोजना के लिए चुना गया है। यह विकेंद्रित हरित ऊर्जा संयंत्र की सहायक विद्युत प्रणाली को सशक्त करेगा।

### प्रदूषण नियंत्रण में योगदान

हरियाली की पहल के समानांतर संयंत्र में धूल नियंत्रण और उत्सर्जन में कमी के लिए कई ठोस तकनीकी प्रयास किए गए हैं। मशीन–2 के लाइम अनलोडिंग क्षेत्र में नवीन बैग फिल्टर सिस्टम की स्थापना से चूने की धूल पर प्रभावी नियंत्रण हुआ है। संयंत्र के जंक्शन हाउसों में अब स्वदेशी डिजाइन वाले मिनी बैग फिल्टर सफलतापूर्वक कार्य कर रहे हैं।

# दुर्ग-दल्ली लोकल ट्रेन की लेटलतीफी से परेशानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रात 8.45 की दुर्ग -दल्ली राजहरा लोकल ट्रेन की लेटलतीफी का खामियाजा ट्विनसिटी के यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। गाड़ी के आए दिन घंटों लेट छूटने से मुसाफिरों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में रेलवे प्रशासन उदासीन बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि दुर्ग स्टेशन से दल्लीराजहरा जाने वाली दुर्ग दल्लीराजहरा गाड़ी आखिरी ट्रेन है। यह लोकल ट्रेन पिछले लंबे समय से दुर्ग से लेट छूटती है। डेढ़ से ढाई घंटे लेट हो रही है। दुर्ग से छूटने का निर्धारित समय रात 8.45 बजे है लेकिन दस से ग्यारह बजे छूट रही है। यह ट्रेन दल्लीराजहरा से दुर्ग लौटती है फिर वापस राजहरा जाती है। लेकिन दल्ली राजहरा से लौटते हुए लेट हो जा रही है। अक्सर लेट होने से भिलाई दुर्ग और आसपास के यात्रियों को भारी दिक्कतें से जूझना पड़ रहा है । खासकर श्रमिक बस्ती मड़ौदा स्टेशन और आसपास के गांवों से बालोद व दल्लीराजहरा जाने वाले मुसाफिरों की दयनीय स्थिति है। इस गाड़ी से कर्मचारी, व्यापारी, ग्रामीण व महिलाएं आदि सफर करती हैं। ट्रेन के आए दिन लेट होने से कई लोगों को अपने गंतव्य स्थल तक पहुंचने में देर रात हो रही है। यात्रियों ने बताया कि रात 11 व 1 बजे सूनसान ग्रामीण इलाकों में पहुंचने से लूट आदि की चिंता बनी रहती है। इसके चलते कई लोगों अपनी यात्रा रद्द करने मजबूर होना पड़ता है। सबसे ज्यादा परेशानी मड़ौदा स्टेशन से जाने वाले मुसाफिरों को होती है। राज दस ग्यारह बजे इस स्टेशन में सन्नाटा पसरा होता है। ऐसे में महिलाओं को सुरक्षा का अंदेशा बना रहता है।

### बिना सूचना रद्द होने से दिक्कत

दुर्ग - दल्ली राजहरा ट्रेन के अधिक लेट होने से इसे कई बार रद्द कर दिया जाता है। यात्रियों ने बताया कि दल्ली राजहरा की ओर जाने वाली इस आखिरी गाड़ी को रेलवे द्वारा बिना सूचना के रद्द करने से परेशानी होती है। कई मुसाफिरों, जिनमें महिलाएं,बच्चे,बीमार और बुजुर्ग होते हैं,अपने गंतव्य स्थानों तक नहीं पहुंच पाते हैं। इतनी रात में कोई दूसरा साधन भी उनके सामने नहीं होता है। ट्रेनें के रद्द करने की वजह ट्रेन में कम मुसाफिरों को होने से आय कम होना बताया जा रहा है।

# बोरिया गेट मार्ग में बाधा पहुंचाने वाले वाहनों के खिलाफ हुई कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्रैफिक पुलिस ने व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सडक के चार प्रमुख बिंदुओं पर काम कर रही है। जिसमें सडको एवं चौक चौराहो की अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडको से अतक्रिमण, अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने कार्यक्रम आयोजित करना है। सडक दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण, लापरवाह चालको पर सख्त कार्रवाई किया जा रहा है। ट्रैफिक एएसपी रिचा मिश्रा ने बताया कि प्रभारी ट्रैफिक जोन सिविक सेन्टर, हमराह स्टॉफ द्वारा ट्रैफिक पेट्रोलिंग के दौरान बीएसपी प्लांट के बोरिया गेट के आस पास सडक मार्ग में भारी वाहन चालको द्वारा मार्ग पर वाहन खडा करने से लोगों को आने जाने में दिक्कत होती है। सडक दुर्घटना की भी संभावना को देखते हुए बोरिया गेट पहुचकर ट्रैफिक पुलिस ने नो पार्किंग में खडी 10 भारी वाहनों पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई किया है। पेट्रोलिंग द्वारा इंदिरा मार्केट दुर्ग, सुपेला मार्केट, सिविक सेन्टर मार्केट क्षेत्र में नो पार्किंग में खडी दो पहिया वाहनों को क्रेन से उठाकर ट्रैफिक कार्यालय लाया जा रहा है।

# सेक्टर 7 में चार दिन बाद सामान्य हुई जलापूर्ति

**भिलाई।** पिछले चार दिनों से पेयजल किल्लत से जूझ रहे सेक्टर 7 में बुधवार को पूर्व की तरह जलापूर्ति होने से रहवासियों ने राहत की सांस ली। बोरिंग और वाटर एटीएम में भीड़ कम रही। क्षेत्रवासियों ने भीषण गर्मी में रोज निर्धारित एक घंटा जलापूर्ति किए जाने की मांग की है।

- रहवासियों को मिली राहत

सेक्टर 7 में एवेन्यू ए,सड़क 28,29 से सड़क 35 आदि सेक्टर के आधे से अधिक इलाके में पिछले चार दिनों से लोग पेयजल किल्लत से हलाकान थे। क्वार्टरों में जलापूर्ति रोज सुबह 7 से 8 बजे तक की जाती है। लेकिन विगत चार दिन से मात्र पंद्रह बीस मिनट पानी ही दिया जा रहा था। इससे रहवासियों को खाना पकाने से लेकर निस्तारी आदि कार्यों में भारी परेशानी हो रही थी। वाटर एटीएम व बोरिंग में भी पानी को लेकर भीड़ में झीनझपटी की स्थिति थी। परेशान लोगों ने मंगलवार को सेक्टर 7 पानी टंकी मेंटेनेंस आफिस पहुंच शिकायत कर आक्रोश जताते हुए यहां कार्यरत एक मजदूर से झूमाझटकी भी की थी। इसके कुछ देर बाद विभागीय अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर तकनीकी खराबी आने की वजह से सेक्टर 7 टंकी में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाने की जानकारी म मिलते ही बिजली व पाइप लाइन रिपेयर का काम शुरु करवाया। जल्द जलापूर्ति समान्य हो जाने का भरोसा दिलाया था। मेंटेनेंस के बाद बुधवार को सुबह घरों के नलों में पानी की सप्लाई रोज की तरह हुई। हालांकि निर्धारित 8 बजे के बजाए 7.50 यानी नल दस मिनट पहले बंद हो गया लेकिन लोगों को राहत मिली।

# काम प्रभावित न हो इसलिए लिंक अधिकारी की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- अवकाश पर जाने से आ रही थी कार्य में दिक्कतें

निगम के अधिकारी कर्मचारी के अवकाश पर जाने के बाद निगम कार्य निरंतर रूप से चलता रहे इसलिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा सभी अधिकारियों के लिंक ऑफिसर नियुक्त किया गया है। अब अधिकारी व कर्मचारी छुट्टी पर जाने से निगम का कार्य प्रभावित नहीं होगा। भागीरथ वर्मा, मुख्य अभियंता, दीपक जोशी, अधीक्षण अभियंता, नरेन्द्र कुमार बंजारे, उपायुक्त, चन्द्रभूषण साहू, लेखाधिकारी दीपक जोशी, अधीक्षण अभियंता, डी.के. वर्मा, अधीक्षण अभियंता, अजय राजपूत, जोन आयुक्त, येशा लहरे, जोन आयुक्त, सतीश यादव, जोन आयुक्त, अमरनाथ दुबे, जोन आयुक्त, के.के. गुप्ता कार्यपालन अभियंता/प्र. जोन आयुक्त, सतीश यादव, जोन आयुक्त, आर.एस. राजपूत, कार्यपालन अभियंता, विनीत वर्मा, कार्यपालन अभियंता, वेशराम सिन्हा, कार्यपालन अभियंता, रवि सिन्हा, कार्यपालन अभियंता, संजय अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता, सुनील जैन, कार्यपालन अभियंता, अरविन्द शर्मा, प्र.कार्यपालन अभियंता, अनिल सिंह, प्र.कार्यपालन अभियंता, नितेश मेश्राम, सहायक अभियंता, श्रीमती प्रिया खैरवार करसे, सहायक अभियंता, बृजेश श्रीवास्तव, प्र.सहायक अभियंता, दीपक देवांगन, प्र.सहायक अभियंता, जे.पी. तिवारी, प्र.राजस्व अधिकारी, धीरज साहू, सहायक राजस्व अधिकारी, अजय कुमार शुक्ला, प्र.अधिकारी (पेंशन), श्री विद्याधर देवांगन, प्र.अधिकारी (योजना), जावेद अली, प्र.स्वा.अधिकारी, के.के. सिंह, वरिष्ठ स्वाच्छता निरीक्षक, विभवकांत सेमुअल, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक (जोन 05 प्र.सहा.स्वा.अधि.), विरेन्द्र बंजारे, समयपाल (जोन 03 प्र.सहा.स्वा.अधि.), अंकित सक्सेना, स्वच्छता पर्यवेक्षक (जोन 01 प्र.सहा.स्वा.अधि.), अनिल मिश्रा, स्वच्छता पर्यवेक्षक (जोन 02 प्र.सहा.स्वा.अधि.), हेमंत माझी, स्वच्छता पर्यवेक्षक (जोन 04 प्र.सहा.स्वा.अधि.), विरेन्द्र बंजारे, समयपाल (जोन 03 प्र.सहा.स्वा.अधि.), प्रसन्न कुमार तिवारी, राजस्व निरीक्षक (जोन 01 प्र.सहा.राज.अधि.), अनिल मेश्राम, राजस्व निरीक्षक (जोन 05 प्र.सहा.राज.अधि.), बंसत कुमार देवांगन, राजस्व निरीक्षक (जोन 03 प्र.सहा.राज.अधि.), शरद दुबे, डा.ए.ऑप (जोन 02 प्र.सहा.राज.अधि.), बालकृष्ण नायडू, डा.ए.ऑप. (जोन 04 प्र.सहा.राज.अधि.), बसंत कुमार देवांगन, राजस्व निरीक्षक (जोन 03 प्र.सहा.राज.अधि.) है।

## स्वच्छता व पर्यावरण की दिशा में महती कदम, सफाई कर्मियों की प्रभावी भूमिका

# टाउनशिप में रोज होती है 35 टन कचरे की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई, वह शहर जो इस्पात से बना है, पर उसकी पहचान केवल उत्पादन नहीं — पर्यावरण के प्रति उसकी जिम्मेदारी से भी है। एक ऐसा नगर जो केवल अपने इस्पात संयंत्र के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी सुव्यवस्थित टाउनशिप, हरियाली और साफ़–सुथरे वातावरण के लिए भी जाना जाता है। सड़क किनारे लगे गुलमोहर, आम व अन्य छायादार पेड़, साफ–सुथरे बगीचे, और सुव्यवस्थित कलोनियाँ -यह सब एक आदर्श शहरी जीवन की तस्वीर पेश करता है। बीएसपी टाउनशिप हर दिन पर्यावरण के लिए एक युद्ध लड़ती है–नारे, पोस्टर और वादों से नहीं, बल्कि रोज़ सुबह रिक्शे पर निकलते उन सैकड़ों स्वच्छता कर्मियों के श्रम और संकल्प से।



और यही संकल्प है –35 टन कचरे की सफाई, हर मौसम में 12 महीने, हर दिन, बिना थके, बिना रुके। संयंत्र के टीएसडी के वरिष्ठ प्रबंधक रमेश कुमार गुप्ता बताते हैं,हमारी टाउनशिप में रोज़ करीब 35 टन कचरा निकलता है, जिसे 175 साइकिल रिक्शा से करीब 200 स्वच्छता कर्मचारी 15 सेक्टरों के लगभग 33 हजार घरों और दुकानों से एकत्र करते हैं। हर सुबह 5 बजे से पहले जब भिलैवासी गहरी नींद में सो रहे होते हैं, तब ये स्वच्छता कमएँ अपने रिक्शों को तैयार करते हैं। सबसे बड़ी चुनौती आज भी वही है–गीले और सूखे कचरे को अलग न करना। "लोगों में या तो जागरूकता की कमी है, या फिर लापरवाही ज़्यादा। इससे न सिर्फ हमारे वर्कर्स की मेहनत दोगुनी बढ़ जाती है, बल्कि रीसायक्लिंग और कंपोस्टिंग की पूरी प्रक्रिया भी बाधित होती है। लेकिन फिर भी प्रयास जारी है। गीले कचरे से खाद बनाई जाती है जो भिलाई इस्पात संयंत्र के बाग़–बग़ीचों में उपयोग होती है।

### प्लास्टिक से जंग अब भी जारी है

भिलाई को प्लास्टिक मुक्त बनाने की दिशा में अभियान जारी है, पर श्री गुप्ता मानते हैं कि यदि डिस्पोज़ल ग्लास और पलिथीन बैग्स का उपयोग पूरी तरह से बंद हो जाए, तो 50 प्रतिषत समस्या तुरंत हल हो सकती है। भिलाई को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने का सपना अभी अधूरा है। इस दिशा में बीएसपी का प्रयास जारी है।

